दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति

SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)



अंदर के पेज
3 प्रदेश में बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण पर फोकस, अब सीतापुर में दूर होगी कनेक्टिविटी की समस्या
4 शिक्षा, स्वास्थ्य और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बना गोरखपुर : मुख्यमंत्री
5 छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु ने कराई थी, इस गणेश मंदिर की स्थापना
6 दुनिया में भारत की सशक्त पहचान में उप्र की गुणात्मक भागीदारी : उपराष्ट्रपति
7 बच्चों ने पौधारोपण के साथ लिया उनको संरक्षण करने का संकल्प

# विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर 8-13 सितंबर तक सऊदी अरब, जर्मनी और स्विट्जरलैंड की यात्रा पर रहेंगे

## नई दिल्ली, 07 सितंबर (हि.स.)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 8 से 13 सितंबर तक सऊदी अरब, जर्मनी और स्विट्जरलैंड की यात्रा पर रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर विदेश मंत्री जयशंकर की तीन देशों की छह दिवसीय यात्रा के विषय में जानकारी साझा की। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 8 से 9 सितंबर तक सऊदी अरब के रियाद की यात्रा करेंगे, जहां वे प्रथम भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। यात्रा के दौरान, उनके जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है।



भारत और जीसीसी के बीच राजनीतिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा सहयोग, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित कई क्षेत्रों में गहरे और बहुआयामी संबंध हैं। जीसीसी क्षेत्र भारत के लिए एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार के रूप में उभरा है और यहां लगभग 8.9 मिलियन की संख्या में भारतीय प्रवासी समुदाय का एक बड़ा समूह रहता है। विदेश मंत्रियों की बैठक भारत और जीसीसी के बीच विभिन्न क्षेत्रों में संस्थागत सहयोग की समीक्षा करने और उसे गहरा करने का एक अवसर होगी।

यात्रा के दूसरे चरण में विदेश मंत्री 10-11 सितंबर तक दो दिवसीय यात्रा के लिए बर्लिन, जर्मनी जाएंगे। यह बर्लिन की उनकी तीसरी द्विपक्षीय यात्रा होगी।

भारत और जर्मनी दोनों एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं और जर्मनी भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है ह्य

और सबसे बड़े प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों में से एक है। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जर्मन संघीय विदेश मंत्री के साथ-साथ जर्मन सरकार के नेतृत्व और अन्य मंत्रियों से मुलाकात करेंगे, जिसका उद्देश्य भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करना है।

इसके बाद विदेश मंत्री 12-13 सितंबर को आधिकारिक यात्रा के लिए जिनेवा, स्विटजरलैंड की यात्रा करेंगे। जिनेवा में बड़ी संख्या में संयुक्त राष्ट्र निकाय और अंतरराष्ट्रीय संगठन हैं।

यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री उन अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों से मिलेंगे जिनके साथ भारत सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

यात्रा के दौरान विदेश मंत्री स्विस विदेश मंत्री से भी मुलाकात करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की समीक्षा की जा सके तथा द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने के अवसर तलाशे जा सकें।

## 'दिल्ली के महाराजा' के पंडाल में विराजमान हुए गणपति, दिखेगी बदलते भारत की तस्वीर 'वंदे भारत ट्रेन'

नई दिल्ली, 07 सितंबर (हि.स.)। 'दिल्ली के महाराजा' के 23वें गणेश महोत्सव की इस बार की थीम "विकसित भारत 2047" है। लक्ष्मी नगर के प्रियदर्शनी विहार स्थित डीडीए मिनी क्रिकेट स्टेडियम में



आयोजित होने वाला 'दिल्ली का महाराजा' के पंडाल में भगवान गणेशजी विराज गए हैं श्री गणेश सेवा मंडल ने 23वें गणेश महोत्सव 'दिल्ली के महाराजा' की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

'दिल्ली के महाराजा' गणेश महोत्सव का आयोजन 7 सितंबर से 11 सितंबर तक किया जाएगा। पंडाल के मुख्य द्वार पर महाराष्ट्र के अष्टविनायक की झलकियां देखने को मिलेंगी। श्री गणेश सेवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र लड्ढा और इस मंडल के प्रचार प्रसार समिति की सदस्या निवेदिता मदाने-वैशंपायन ने जानकारी दी कि हमारी संस्था हर बार प्रगतिशील भारत की नई थीम से लोगों को संदेश देने का प्रयास करती है '

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष चंद्रयान 3 एवं जी 20 को दशार्या था ' इस बार की थीम "विकसित भारत @ 2027" है ' जिसके तहत प्रगति का प्रारूप 'वंदे भारत ट्रेन' का मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं।

विकसित भारत 2047 के मुख्य स्तंभ, विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ एवं फीट इंडिया की झलकियां भी यहां देखने को मिलेंगी ' श्रीअन्न ( मिलेट) को अपनाने के संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए इसबार गणपति बप्पा को "श्रीअन्न" से बने मोदक का भोग लगाया जाएगा '

फिट इंडिया को बढ़ावा देने एवं बीमार होने से पहले स्वास्थ्य जांच कर बीमारी के प्रति लोगों को सजग रहने के लिए जागरूक करने के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्त दान शिविर, मैमोग्राफी टेस्ट भी लगाया जाएगा।

उन्होंने गणेश महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि 'दिल्ली के महाराजा' के 23वें गणेश महोत्सव का शुभारंभ भव्य शोभा यात्रा एवं मंगल मूर्ति के स्थापना के साथ 7 सितंबर से शुरू होगा जिसका समापन 11 सितंबर को छप्पन भोग, महा आरती एवं बप्पा के विसर्जन से होगा ' उन्होंने कहा कि इस बार प्रतिदिन शाम को भजनों की अमृतवर्षा एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा '

इस महोत्सव में महिला सांस्कृतिक कार्यक्रम "दीयों की रोशनी में डांडिया रास" उत्सव का विशेष आकर्षण होगा ' इसके साथ ही सांसद एवं प्रसिद्ध गायक मनोज तिवारी का भजन संध्या भी खास आकर्षण होगा ' यह संस्था पिछले 23 वर्षो से 'दिल्ली के महाराजा' के नाम से प्रसिद्ध गणेश महोत्सव का आयोजन कर रही हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी गणेश चतुर्थी की बधाई, मोदी ने कहा-गणेशोत्सव राष्ट्र जागरण का पर्व

नई दिल्ली, 07 सितंबर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज समस्त देशवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर बधाई दी है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने



अपने-अपने एक्स हैंडल पर शुभकामना संदेश प्रेषित किए हैं। देशभर में आज से गणेशोत्सव शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गणेशोत्सव राष्ट्र जागरण का भी पर्व है।

भगवान गणेश हिंदू धर्म में विघ्नहर्ता और प्रथमपूज्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। वो अशुभता को दूर कर शुभ फल प्रदान करते हैं। गणेश चतुर्थी से ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज होता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी सात सितंबर को मनाई जा रही है। देश के लगभग हर हिस्से में सुबह भगवान गणेश की मंदिरों में आरती की गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है,'' मैं सभी देशवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। देश के अनेक भागों में सामूहिक उल्लास से मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक ऊर्जा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

हमारी परंपरा में भगवान श्रीगणेश को मंगलदाता और विघ्नहर्ता माना जाता है। गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वे आपदाओं से सबकी रक्षा करें और समृद्धि का संचार करें। गणपति बाप्पा मोरया!''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर वीडियो संदेश में कहा, ''समस्त देशवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। गणपति बाप्पा मोरया! '' उन्होंने कहा है भगवान गणेशजी विघ्नहर्ता हैं। उत्सव समाज की शक्ति होते हैं। उत्सव समाज नए प्राणों का संचार करते हैं।

गली-गली में सजने वाले गणेश पंडाल युवाओं को नेतृत्व की क्षमता प्रदान करते हैं। ऐसे में लोकमान्य तिलक बहुत याद आते हैं। गणेशोत्सव लोकमान्य तिलक की देन है। उन्होंने इस धार्मिक अवसर को राष्ट्र जागरण का पर्व बना दिया।

## केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वालों को तीन गुनी कीमत पर प्याज खरीदने के लिए छोड़ा : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, 07 सितंबर (हि.स.)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण



दिल्ली के लोग सब्जी विक्रेताओं से लगभग 75 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज खरीदने को मजबूर हैं। हर साल मानसून के बाद की प्याज की कमी को पूरा करने के लिए एक बैकअप योजना तैयार की जानी चाहिए थी, लेकिन हैरानी की बात है कि दिल्ली सरकार ने प्याज का बफर स्टॉक जुलाई के मध्य तक कोल्ड स्टोरेज में तैयार नहीं रखा, जिसके कारण लोगों को कीमती प्याज खरीदने पड़ रहे हैं।

मीडिया से बातचीत में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि पिछले अनुभवों के बावजूद, दिल्ली सरकार ने जून-जुलाई में महाराष्ट्र या कर्नाटक से योजना बनाकर प्याज खरीदने और बफर स्टॉक रखने का कोई प्रयास नहीं किया। अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवासियों को लगभग तीन गुनी कीमत पर प्याज खरीदने के लिए छोड़ दिया है।

सचदेवा ने कहा कि देश में प्याज की कमी नहीं है। प्याज उत्पादक राज्यों में अभी भी कोल्ड स्टोरेज में बड़े स्टॉक पड़े हुए हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार इसे खरीदने का कोई प्रयास नहीं कर रही है। अगर दिल्ली सरकार, विशेष रूप से मंत्री गोपाल राय, आतिशी और इमरान हुसैन ने भाजपा की सलाह और अनुरोध को ध्यान में रखा होता और जुलाई के अंत तक दिल्ली में प्याज का बफर स्टॉक बना लिया होता, तो आज प्याज की कीमत 75 रुपये प्रति किलो नहीं होती।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपनी एजेंसियों जैसे नैफेड के माध्यम से प्याज का स्टॉक तैयार किया और वैन के जरिए 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज उपलब्ध करवा रही है, लेकिन केजरीवाल सरकार न तो कोई बफर स्टॉक बना रही है और न ही कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुदरा बाजार में कोई प्रयास कर रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल की "काम नहीं, केवल राजनीति" की नीति ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि लोग केंद्र सरकार से मदद की उम्मीद कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर हमला विफल, चार दहशतगर्द मारे गए

रावलपिंडी, 07 सितंबर (हि.स.)। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर घातक आतंकी हमला विफल कर दिया। इस दौरान बलों ने चार आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया। पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट में आईएसपीआर के हवाले से दावा किया गया है कि शुक्रवार तड़के फ्रंटियर कोर मुख्यालय पर हमला करने पहुंचे सशस्त्र आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। आईएसपीआर ने कहा है कि सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्यालय में प्रवेश करने के प्रयास को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया। सेना के मीडिया विंग ने कहा है, "पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्प और बहादुरी के साथ खड़े हैं।"

इसके अलावा काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा है कि पिशिन जिले के सुरखाब शरणार्थी शिविर में सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी में पांच आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों की सुरंग (मांद) से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

## पंत ने सेमीफाइनल से पहले पुरानी दिल्ली 6 को भेजा संदेश, लंबे समय तक साथ रहने का किया वादा

नई दिल्ली, 7 सितंबर (हि.स.)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत यहां अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग



(डीपीएल) में पुरानी दिल्ली 6 की टीम को सेमीफाइनल में पहुंचते देखकर उत्साहित हैं।

आज पुरानी दिल्ली 6 डीपीएल के दूसरे सेमीफाइनल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से भिड़ेगी। डीपीएल में पुरानी दिल्ली 6 के लिए यह एक उल्लेखनीय यात्रा रही है। करीबी मुकाबलों में कठिन हार से लेकर लगातार जीत के साथ सेमीफाइनल तक पहुंचने तक, टीम ने लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया है।

शुरूआती मैच में पुरानी दिल्ली 6 की कप्तानी करने वाले पंत ने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की और पुरानी दिल्ली 6 टीम के लिए एक दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा।

पंत ने कहा, "सबसे पहले, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि पुरानी दिल्ली 6 ने जिस तरह से इस पूरे टूनामेंट में प्रदर्शन किया, उसके लिए मैं आप सभी पर गर्व करता हूं। यहां से लेकर अब तक की यात्रा का अनुसरण करना अविश्वसनीय रहा है और मैं सक्रिय रूप से इसका अनुसरण कर रहा हूं। आपने शानदार भावना, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क दिखाया है।"

पंत वर्तमान में दलीप ट्रॉफी खेल रहे हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि पुरानी दिल्ली 6 सेमीफाइनल में कमाल करेगी।

पंत ने पुरानी दिल्ली 6 टीम को दिए संदेश में कहा, "काश मैं सेमीफाइनल में होता, लेकिन दलीप ट्रॉफी के साथ मेरी प्रतिबद्धताओं ने मुझे दूर रखा है। फिर भी, मुझे आप सभी पर पूरा भरोसा है और मुझे पूरा भरोसा है कि आप वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखेंगे। दिल से खेलो, खुद पर भरोसा रखो और एक परिवार की तरह एक साथ रहो और लंबे समय तक एक परिवार की तरह रहो। चलो इसे यादगार बनाओ। मैं हर कदम पर तुम्हारा हौसला बढ़ाऊंगा। चलो पुरानी दिल्ली, इसे करके दिखाओ।"

पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, "अगर डीडीसीए भविष्य में मार्की खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति देता है। हम ऋषभ को लंबे समय तक अपने साथ रखना चाहेंगे क्योंकि उनके मार्गदर्शन में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है।"

इस सप्ताह की शुरूआत में, अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने अपने साथियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ध्यान केंद्रित रखने और उसी जुनून और एकता के साथ खेलना जारी रखने की सलाह दी, जिसने उन्हें यहां तक पहुंचाया।

ईशांत ने एक बयान में कहा, "बस काम करते रहो और भूल जाओ कि तुम्हारे सामने कौन है। अपने दिल से खेलो और हर छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान दो, जो अंततः तुम्हें विजेता बनाएगी।"

पुरानी दिल्ली 6 टीमः ललित यादव, इशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

## कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और स्विगी के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

नई दिल ली, 07 सितंबर (हि.स.)। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और ऑन-डिमांड सुविधा




प्लेटफॉर्म स्विगी ने एक अनूठी निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के तहत इस क्षेत्र में कार्यबल के नए अवसर पैदा करने और उन्हें गति देने के लिए ह्यस्विगी स्किल्सह्न पहल की शुरूआत की है।

इसके लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और स्विगी ने शनिवार को नई दिल ली के कौशल भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते के अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यलॉजिस्टिक्स में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में 300 से अधिक पहल की जा रही हैं तथा 80 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि सरकार के विकसित भारत 2047 दृष्टिकोण के अनुरूप ये समझौता किए गए हैं।

मंत्रालय के मुताबिक इस भागीदारी का उद्देश्य एमएसडीई योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत कुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और स्विगी के साझेदार नेटवर्क के लिए कौशल, पुर्नकौशल और कौशल उन्नयन के अवसर प्रदान करना है।

यह पहल रेस्तरां संचालन और खुदरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं में लोगों के लिए रोजगार, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगी।

मंत्रालय ने कहा कि स्विगी कौशल पहल के तहत स्विगी पार्टनर प्लेटफॉर्म को स्किल इंडिया डिजिटल हब (रक्ख्र) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जो स्विगी के कर्मचारियों को ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच प्रदान करेगा।

इस साझेदारी से स्विगी से जुड़े 2.4 लाख डिलीवरी पार्टनर और रेस्तरां पार्टनर के कर्मचारियों को लाभ होगा।

इस साझेदारी पर हस्ताक्षर के बाद अपने संबोधन में स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा, "हम अपने भागीदारों के ऐप में एमएसडीई के स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहे हैं, जिससे करीब 2.4 लाख डिलीवरी पार्टनर और हमारे 2 लाख रेस्तरां भागीदारों के कर्मचारी आसानी से ऑनलाइन कौशल विकास पाठ्यक्रम, ऑफलाइन प्रमाणन और प्रशिक्षण मॉड्यूल तक पहुंच सकेंगे।

उल लेखनीय है कि स्विगी और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय 2.4 लाख से अधिक डिलीवरी पार्टनर्स के कौशल विकास में सहायता करने तथा खाद्य सेवाओं और त्वरित वाणिज्य उद्योग में 8 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

## सम्पादकीय

# हिमाचली नायक

ललित कलाओं में संगीत यानी गायन, वादन एवं नृत्य की त्रिवेणी को श्रेष्ठतम माना जाता है। जहां शास्त्रीय संगीत में खुले चिंतन, मनन, ध्यान तथा कल्पना की स्वतंत्रता है, वहीं पर कड़े नियमों का भी बंधन होता है। कड़ी साधना, ध्यान, चिंतन तथा तपस्या तथा ईश्वर कृपा गुरु के आशीर्वाद से ही संगीत में सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। भारतवर्ष में शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में सरकारी स्तर पर आकाशवाणी का केन्द्रीय ऑडिशन बोर्ड ही कलाकार की श्रेष्ठता या ग्रेडिंग का निर्धारण करता है। पूर्व में आकाशवाणी द्वारा ही संगीत में पण्डित या उस्ताद की उपाधि प्रदान की जाती थी। आल इंडिया रेडियो के केन्द्रीय बोर्ड द्वारा प्रदान किया गया यह ग्रेड किसी भी कला साधक के लिए आम नहीं बल्कि खास होता है जिसका मूल्य एक संगीत साधक ही समझ सकता है। हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष सावन के महीने में जहां खूब मेघ बरसे, वहीं पर प्रदेश के शास्त्रीय संगीत के कलाकारों पर भी ए-ग्रेड की खूब बारिश हुई। हालांकि आकाशवाणी द्वारा ए-ग्रेड प्रतिष्ठित कलाकारों के बोर्ड द्वारा बहुत ही कड़ी परीक्षा के पश्चात ही कठोर संगीत साधना तथा अनुभवी संगीत साधकों को प्रदान किया जाता है, लेकिन इस बार इस केन्द्रीय ऑडिशन बोर्ड में प्रदेश के चार युवा कलाकारों ने अपनी साधना का करिश्मा दिखाने के पश्चात ए-ग्रेड प्राप्त कर प्रदेश का नाम संगीत क्षेत्र में ऊंचा किया है।

आकाशवाणी के केन्द्रीय ऑडिशन बोर्ड की यह मोहर प्रदेश के संगीत समाज को भी गौरवान्वित करती है तथा भविष्य में प्रयासरत संगीतज्ञों को संगीत साधना के लिए प्रेरित कर सफलता के दरवाजे खोलती है। केन्द्रीय स्वर परीक्षा बोर्ड ने प्रदेश के बी हाई-ग्रेड कलाकारों की आकाशवाणी शिमला द्वारा प्रेषित का ए-ग्रेड के लिए आकलन किया गया जिसमें शिमला के युवा गायक गुंजन चन्ना, राजगढ़ (सिरमौर) की युवा गायिका डॉ. सविता सहगल, शिमला के हरि दत्त भारद्वाज तथा धर्मपुर (सोलन) के पाइनग्रोव स्कूल के युवा वायलिन वादक एवं संगीत शिक्षक शांता कुमार ने यह करिश्मा कर दिखाया है। ये चारों ही युवा संगीतज्ञ संगीत के परम्परागत परिवारों से संबंध रखते हैं। परंपरागत रूप से संगीत इन सभी के जीवन का एक अटूट तथा अभिन्न अंग है। गुंजन चन्ना शिमला में चन्ना संगीत अकादमी के संचालक विनोद चन्ना के सुपुत्र हैं। शास्त्रीय संगीत तथा सुगम संगीत में ए-ग्रेड प्राप्त करने वाली प्रदेश की पहली महिला डॉ. सविता सहगल राजकीय महाविद्यालय कण्डाघाट में संगीत गायन की सह-प्राध्यापिका हैं तथा प्रदेश लोक संगीत में एकमात्र टॉप ग्रेड आर्टिस्ट डॉ. कृष्ण लाल सहगल की सुपुत्री एवं शिष्या हैं। डॉ. सविता हिमाचली लोकसंगीत में भी महारत रखती हैं। हरिदत्त भारद्वाज प्रदेश के बांसुरी वादक स्वर्गीय चेत राम शर्मा के दोहते तथा विश्व प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित रूणू मजूमदार के शिष्य हैं। कामर्स में स्नातक, प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत प्रभाकर तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संगीत में एमए करने वाले शांता कुमार मूलतः शिमला के ही निवासी हैं। शांता कुमार वर्तमान में पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर, जिला सोलन में संगीत शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। शांता कुमार ट्रिनिटी कॉलेज लंदन से वायलिन में वैस्टर्न म्यूजिक में ग्रेड-6 तक का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। आकाशवाणी शिमला से संबद्ध ए-ग्रेड प्राप्त प्रदेश के कलाकारों में सितार वादन में डॉ. गगन सिंह होठी, तबला वादन में डॉ. नीरज शांडिल्य एवं राजेश ब्रह्मभट्ट, बांसुरी वादन में लेख राम गन्धर्व, शहनाई वादन में सूरज मणी, ढोलक वादन में रमेश कुमार, लोकगीत में डॉ. केएल सहगल, करनैल राणा तथा कृष्ण वर्मा लोकगीत में, सुगम संगीत तथा लोकसंगीत में डॉ. हेमराज चंदेल तथा पहली बार आयोजित हुए उपशास्त्रीय संगीत के ऑडिशन में डॉ. टेकचंद कौल ने भी प्रदेश का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि के परिप्रेक्ष्य में जहां इन संगीतज्ञों की कड़ी मेहनत है, वहीं पर आकाशवाणी शिमला के केन्द्र निदेशक, संगीत निष्पादक, रिकार्डिंग स्टूडियो स्टाफ को भी उनके निरंतर प्रयासों के लिए इसका श्रेय जाता है। प्रदेश का संगीत समाज इन सभी संगीत साधकों की साधना को नमन करते हुए गौरवान्वित है। इनकी उपलब्धि प्रदेश के संगीत साधकों को भी प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेगी। यह सफलता इन सभी संगीत साधक संगीतज्ञों के लिए व्यावसायिक संगीत के अनेकों प्रतिष्ठित बड़े मंचों, समारोहों तथा संगीत सम्मेलनों का रास्ता खोलेगी।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध और उसके मूल कारणों की पहचान

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
कोलकाता में महिला डॉक्टर



से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना की विभिन्न माध्यमों जरिये से व्यापक रूप से निंदा की गई। जिसमें सामूहिक सभा, मार्च, वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट आदि शामिल हैं। छेड़छाड़ और बलात्कार हमारी माताओं, बहनों और बेटियों के खिलाफ जघन्य अपराध बन गया है। कभी-कभी आवाज उठाने से समस्या का समाधान नहीं होगा; हमें पहले अंतर्निहित कारणों को समझना चाहिए और सिस्टम व समाज में आवश्यक समायोजन का प्रयास करना चाहिए। इसके कई कारण हैं लेकिन प्राथमिक कारण शिक्षा प्रणाली है।

प्राचीन काल में जब हम गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का पालन करते थे, तब कितने बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे? हो सकता है कि कुछ हों, लेकिन वर्तमान में प्रतिघंटे बलात्कार की संख्या बहुत अधिक है। ब्रिटिश शासन के बाद से हम जिस शिक्षा प्रणाली का पालन कर रहे हैं, वह मैकाले द्वारा तैयार की गई एक पश्चिमी शिक्षा प्रणाली है। इस स्कूल प्रणाली ने कभी भी चरित्र विकास, नैतिकता और नैतिक शिक्षा या शोध और विकास क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित नहीं किया। मैकाले की शिक्षा का प्राथमिक लक्ष्य एक लालची रवैया पैदा करना है जो केवल भौतिकवादी जीवन पर केंद्रित है, जिसमें स्वार्थ प्रेरक के रूप में और समाज और राष्ट्र अंतिम प्राथमिकता के रूप में है। इस शैक्षिक प्रणाली ने अवांछनीय विशेषताओं और लक्षणों के साथ कृत्रिम मशीनों का निर्माण करना जारी रखा है।

पश्चिमी संस्कृति महिलाओं को सिर्फ एक वस्तु के रूप में देखती है और हमारे देश में कई दशकों से उनकी शिक्षा प्रणाली का पालन किया गया है इसलिए हमारा दृष्टिकोण उसी तर्ज पर विकसित हुआ है, जैसा कि बॉलीवुड फिल्मों और बिग बॉस जैसे दैनिक टीवी धारावाहिकों से पता चलता है, जिन्हें बड़ी संख्या में दर्शक देखते हैं।

पहली और सबसे महत्वपूर्ण बात जो एक स्कूल बच्चे के कच्चे और मासूम दिमाग से कर सकता है, वह है नैतिक मूल्यों, सामाजिक व्यवहार और राष्ट्र के लिए देशभक्ति की भावनाएँ सिखाना और उनमें पैदा करना, बजाय इसके कि केवल भौतिकवादी जीवन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। नैतिक मूल्यों के साथ जीवन कौशल चरित्र विकास के लिए शैक्षिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जब हमारे बच्चों को महान भौतिकवादी अवसर प्रस्तुत भी किए जाते हैं, तब भी नैतिक मूल्य अपरिहार्य हैं।

भौतिकवादी विशेषताएँ शिक्षा के बाद के चरणों में आसानी से सीखी और समझी जाती हैं। शिक्षा का यह रूप कैसे दिया जा सकता है? जब हम गुरुकुल प्रणाली को देखते हैं, तो हम देख सकते हैं कि बच्चे के पूर्ण विकास के लिए प्राचीन ज्ञान के साथ-साथ विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को भी प्राथमिकता दी जाती थी।

शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक और समसामयिक ज्ञान दोनों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि एक समग्र मानसिकता और एक नैतिक चरित्र का निर्माण हो जिसमें एक महिला को प्राचीन प्रथाओं के अनुसार देवी के रूप में देखा जाता है।

भगवद् गीता को "प्रबंधन गुरु" के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें मन, बौद्धिक, स्मृति, अहंकार और चेतना के स्तर पर किसी भी मुद्दे को हल करने का रहस्य निहित है। महिलाओं के खिलाफ भयानक अपराध, एक भ्रष्ट मानसिकता और एक आत्म-प्रथम, राष्ट्र-अंतिम दृष्टिकोण को देखते हुए, नई शिक्षा नीति 2020 की तत्काल आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है कि समाज का हर तत्व, विशेष रूप से हमारी महिला शक्ति, हमारी सभी राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से, कुशलतापूर्वक और तेजी से लागू करने के लिए दबाव डाले।

पश्चिम बंगाल जहां महिला डॉक्टर के खिलाफ भयानक अपराध हुआ, उस राज्य ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने से इनकार कर दिया है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पंजाब और कुछ और राज्यों ने इसे अपनाने से इनकार कर दिया। जब गंदी राजनीति और गंदी मानसिकता लाखों युवाओं के उज्ज्वल भविष्य से अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं, तो समाज को जागना चाहिए और कानूनी और सामाजिक रूप से इस खतरे के खिलाफ लड़ना चाहिए जो हर सामाजिक क्षेत्र और राष्ट्र के लिए अच्छी चीजों को नष्ट कर रहा है। हालाँकि शिक्षा नीति 2020 को मोदी सरकार ने डिजाइन किया था लेकिन विपक्षी दलों को चुनाव और वोट बैंक की रणनीति के आधार पर इसकी आलोचना और विरोध नहीं करना चाहिए।

जब राजनीतिक दल, खासतौर पर वंशवादी राजनीतिक दल, समाज की भावनाओं से खेलते हैं और ऐसी व्यवस्था का विरोध करते हैं जो भविष्य की पीढ़ियों की भलाई के लिए अनिवार्य रूप से बेहतर है, तो समाज के लिए जागने और सभी को एकजुट करने का यही सही समय है ताकि एकजुट लड़ाई समाज और राष्ट्र के हित में किसी भी नीति या व्यवस्था के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करे।

युवा और समाज का विकास करने के लिए भगवद् गीता और वैदिक ज्ञान के साथ-साथ एनईपी को लागू करने पर जोर दिया जाना चाहिए, जिसकी हर देश को चाहत है। जो राज्य एनईपी को चरणबद्ध तरीके से लागू कर रहे हैं, उन्हें कार्यान्वयन की गुणवत्ता और गति पर ध्यान देना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध करने वाले हमारी माताओं, बहनों, बेटियों तथा वर्तमान और भावी पीढ़ियों के सच्चे विरोधी हैं। समाज को इन राजनेताओं, संस्थाओं और संगठनों के बारे में जानकारी बढ़ानी चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति में इनका समर्थन नहीं करना चाहिए। स्वतंत्रता के बाद भी सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पतन अत्यंत दुखद और विचलित करने वाला है। जब केंद्र की वर्तमान सरकार सही दिशा में व्यवस्था में सुधार के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो सकारात्मक बदलाव का विरोध क्यों? शिक्षा प्रणाली प्रत्येक राष्ट्र की नींव होती है, जो कोमल मन के बच्चे को पूर्ण चरित्र में बदल देती है। यदि शिक्षा प्राचीन ज्ञान और वर्तमान तकनीक पर आधारित हो, तो राष्ट्र सभी पहलुओं में उत्कृष्ट होगा, लेकिन हम जो देख रहे हैं वह मैकाले की शिक्षा प्रणाली के कारण गुलाम मानसिकता का निर्माण है।

बलात्कार, भ्रष्टाचार, नशीली दवाओं का दुरुपयोग, मानसिक समस्याएं, पारिवारिक संघर्ष और सामाजिक आचरण सभी गलत शिक्षा प्रणाली में अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं और उसमें अंतर्निहित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि समाज और सरकार शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए मिल कर काम करें। सीखने के परिणामों की वर्तमान स्थिति और जो आवश्यक है उसके बीच के अंतर को बड़े सुधारों के माध्यम से पाटा जाना चाहिए जो प्रारंभिक बचपन की देखभाल और उच्च शिक्षा के माध्यम से प्रणाली में उच्चतम गुणवत्ता, समानता और अखंडता लाते हैं। नई शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य ऐसे अच्छे इंसान तैयार करना है जो तर्कसंगत सोच और कार्य करने में सक्षम हों, जिनमें करुणा और सहानुभूति, साहस और लचीलापन, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक कल्पना हो तथा जो मूल्यों से परिपूर्ण हों। इसका उद्देश्य हमारे संविधान द्वारा परिकल्पित एक समतापूर्ण, समावेशी और बहुलतावादी समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध, उत्पादक और योगदान देने वाले नागरिकों का निर्माण करना है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

मिथुन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

कन्या : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचारों मिलेगें। शुभांक-3-5-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कुंभ : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

मीन : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा। शुभांक-1-3-5

# अहिंसक विश्व समाज कैसे बने

कुलभूषण उपमन्यु

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। विकसित बुद्धि, भाषा विकास, सीधे खड़े होने की सामर्थ्य और उँगलियों की विशिष्ट बनावट के चलते ही मनुष्य अन्य पशु समुदाय से अधिक विकसित हो सका है। अन्यथा बहुत-सी पशु वृत्तियां मनुष्य में भी विद्यमान हैं। हर मनुष्य और मनुष्य-समाज सुख-शांति से रहना चाहता है। तमाम भौतिक सुख-सुविधाएं पैदा करने के बावजूद पशु वृतियों के चलते हिंसक और लालची व्यवहार से मनुष्य एक-दूसरे को कष्ट पहुंचा कर दुखी करता आया है। इसी कारण स्वयं भी दुखी होता आया है। शायद इसी पशु वृत्ति जनित दुःख निवारण के लिए धर्मों का अविष्कार मनुष्य समाज ने किया होगा। जिसमें कुछ आत्म नियमन द्वारा पशु वृतियों के दमन की अपेक्षा करके समाज को सुखी बनाने की चेष्टा की गई है। किन्तु पशु वृतियां धर्मों पर भी हावी हो गईं। धीरे-धीरे यह विचार आने लगे कि मेरा ही धर्म श्रेष्ठ है इसलिए दूसरे के धर्म को निकृष्ट बता कर उसे समाप्त या नियंत्रित करने के प्रयास शुरू हो गए। इससे एक नए प्रकार की भयानक हिंसा का जन्म हो गया। चले थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास- कहावत को चरितार्थ करते हुए सुख और शांति की दिशा में बढ़ने के नाम पर बड़ी हिंसा का शिकार हो गए।

कबीलाई समाज के समय जब मनुष्य समाज उतना विकसित नहीं था तब हिंसा छोटे स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर होती थी। खाना तलाशने, शिकार के इलाके पर आधिपत्य को लेकर एक कबीला दूसरे से टकरा जाता था। जैसे-जैसे मनुष्य विकसित होता गया, वैसे-वैसे उसकी आवश्यकताएँ बढ़ती गईं। फिर टकराव के मौके भी बढ़ते गए। टकराव के शस्त्रास्त्र भी बढ़ते गए। यानी सुख शांति से जीने के हालात कम होते चले गए। पहले लाठी-डंडों से झगड़े निपट जाते थे, फिर भाले तीर, तलवारों की नौबत आ गई और अब महा विनाशक अणुबमों के खतरे में जीने को अभिशप्त हैं। दर्द बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की- यह कहावत चरितार्थ होने लगी। अनेक धर्मों, पंथों ने साधना और धार्मिक नियमन से व्यक्तिगत तौर पर अहिंसक व्यवहार में पारंगत महामानवों को पैदा किया किन्तु सामूहिक स्तर पर अहिंसा का प्रयोग बहुत नगण्य रहा, जिसमें शायद महात्मा गांधी एक अपवाद हैं, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतन्त्रता आन्दोलन में अहिंसा को एक उपकरण की तरह उपयोग करने का साहस किया। बड़े पैमाने पर सफलता भी हासिल की किन्तु उसमें भी बहुत से लोग इस उपकरण को मान्यता देने में संकोच करते हैं और इस बहस में फंसे रहते हैं कि आजादी अहिंसक आन्दोलन से मिली या क्रांतिकारी आन्दोलन और नेताजी सुभाष बोस के सैनिक प्रयास से।

यहाँ मकसद यह तय करना नहीं है कि किसके प्रयास से आजादी मिली, सबके ही प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं किन्तु मूल प्रश्न है कि अहिंसा के उपकरण को व्यक्तिगत स्तर से आगे बढ़ कर सामूहिक स्तर तक उपयोगी कैसे बनाया जाए ताकि अंतरराष्ट्रीय मामलों को सुलझाने के लिए युद्धों के अलावा अहिंसक उपाय किए जा सकें और सुख शांति पूर्ण जीवन संभव हो सके। इस दिशा में यह भी देखा जाना चाहिए कि देशों में युद्धों के मुख्य कारण क्या रहे हैं। इतिहास के अध्ययन से हमें ज्ञात होता है कि बहुत से संघर्ष आर्थिक प्रभुत्व के लिए हुए हैं या फिर अपनी धार्मिक विचारधाराओं के जबरदस्ती प्रचार की भूख के कारण हुए हैं। कोई यह बोले कि मेरे रास्ते से स्वर्ग या जन्नत मिलना तय है, तो भाई आप स्वर्ग या जन्नत के मजे लूट लो दूसरे को क्यों परेशान करते हो कि आप भी मेरे रास्ते चलो। जिस धर्म का उद्भव या विकास मानव समाज को सुखी करने के लिए हुआ था उसी के कारण दुनिया में कितना हिंसक वातावरण बना है और सब तरफ दुःख ही फैलने का कारण बन गया है। इस तरह के हालात में अहिंसक शक्ति को कैसे सर्वोपरि बनाया जा सकता है। वरना हिंसा और प्रति हिंसा के दुश्चक्र में धर्म तो गायब ही हो जाता है।

जो मनुष्य समाज दूसरे को दुखी करेगा वह स्वयं भी दुखी होगा ही क्योंकि हर क्रिया की प्रतिक्रिया तो प्रकृति का नियम ही है। इतनी बात समझ आ जाए तो आगे का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। आर्थिक कारणों से होने वाली हिंसा भी दो तरह की है। एक तो अभाव जनित है। अभाव दूर करके जिसका निराकरण किया जा सकता है। दूसरी है लालच जनित। जिसके बारे में गांधीजी ने कहा था कि प्रकृति के पास सबकी जरूरतें पूरा करने के लिए पर्याप्त है किन्तु किसी के लालच की पूर्ति के लिए कुछ भी नहीं। यानी लालच प्रकृति की शक्ति पर अनचाहा भार है और समाज में अन्याय का कारण भी। गांधीजी का आत्मनिर्भर समाज का सिद्धांत इस दृष्टि से उपयोगी हो सकता है, यदि इसे वैश्विक स्तर पर भी लागू किया जा सके। जब सभी देश आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य से काम करेंगे तो अनंत साधन और शक्ति हथियाने की जरूरत समाप्त हो जाएगी। व्यापारिक मंडियों पर कब्जे की जरूरत ही नहीं रहेगी। अंतरराष्ट्रीय हिंसा का बड़ा कारण सीमाओं की रक्षा भी है। जैसे आर्थिक विस्तारवाद खराब है, वैसे ही सीमाई विस्तारवाद भी है। इसके लिए सशक्त विश्व मंच की जरूरत है जो सीमाओं के संरक्षण की गारंटी दे सके। क्या संयुक्त राष्ट्र संघ उस दिशा में विकसित किया जा सकता है। यदि सीमाओं की सुरक्षा सलाह मशविरे से संभव हो जाए तो हिंसा का बड़ा कारण समाप्त हो जाएगा। फिर आप सेनाओं और भयंकर शस्त्रास्त्रों पर खर्च राशि को बहुत घटा सकते हैं और समाज के सुख-समृद्धि पर खर्च कर सकते हैं। काश! ऐसा हो पाए।

(लेखक, जाने-माने पर्यावरणविद् हैं।)

# भारतीय शिक्षा परंपरा और शिक्षक

हृदयनारायण दीक्षित

सर्वोत्तम हमारी सर्वोत्तम मनोकामना है। सर्वोत्तम हमारी गहन अभिलाषा है। यही अभिलाषा भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होती है। प्रतिस्पर्धा में प्रथम होने की इच्छा। धनसंग्रही होने की अभिलाषा। लोकसंग्रही होने की आकांक्षा और यश अभीप्सा। शिक्षा हमारे उत्तम को उभारती है और सर्वोत्तम में प्रकट करती है। लेबनानी चिन्तक खलील जिब्रान की सुंदर पुस्तक है- ह्यप्राफेटह्व। लिखा है, ह्यशिक्षक ने पूछा कि शिक्षा के विषय में बताओ। उसे बताया गया। कोई व्यक्ति तुम्हारे सामने वही उद्घाटित कर सकता है जो तुम्हारे भीतर हो ह्व शिक्षा हमारे ही सुप्त ज्ञान प्राप्ति का उपकरण है। ज्ञान के लिए चाहिए गुरू। तुलसीदास ने गाया है-ह्यबिन गुरू होंहि कि ज्ञानह्व? इसी तरह शिक्षा के लिए शिक्षक की महत्ता है और ज्ञान के लिए गुरू की। शिक्षा का शिखर सर्वोत्तम ज्ञान है। ज्ञान का प्रारम्भिक चरण शिक्षा है। शिक्षक का शिखर विकास गुरूत्व है। गुरूत्व विकास का मध्यवर्ती चरण शिक्षक है। गुरू होना हरेक शिक्षक की संभावना है। शिक्षक महत्वपूर्ण है। गुरू को भी शिक्षक होकर ही गुरूत्व मिलता है। बीते 5 सितम्बर को देश में शिक्षक दिवस था। विश्व प्रख्यात भारतीय दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन की जन्मतिथि (5 सितम्बर) शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारत में शिक्षक को गुरू भी कहा जाता है। शिक्षक की भारतीय अनुभूति यही है। उत्तरवैदिक काल अनूठा है। इस काल में तमाम ज्ञान है, कर्मकाण्ड भी हैं। कर्मकाण्ड विरोधी अनेक चिन्तन धाराएं भी हैं। चिन्तन और दर्शन का विकास ध्यान देने योग्य है। इस काल में तैत्तिरीय आरण्यक के सातवें, आठवें और नवें अध्याय को तैत्तिरीय उपनिषद् कहा जाता है। उपनिषद् प्रारम्भ होती है-शिक्षा व्याख्यास्यमः से। यहां शिक्षा की अतिसंक्षिप्त परिभाषा है। कुल तीन छोटे वाक्य हैं। पहला है-वर्णः स्वर। वर्ण स्वर का बोध शिक्षा है। दूसरा वाक्य पढ़ते हैं-मात्रा बलम्। मात्रा का ज्ञान, इन पर बल देने की जानकारी। तीसरा है-साम सन्तानः। गीता प्रेस के अनुवाद में साम का अर्थ वर्णो का समवृत्ति से उच्चारण है और सन्तान का अर्थ संधि है। फिर अंतिम वाक्य है- शिक्षा अध्याय समाप्त हुआ।शब्द ज्ञान श्रेय है पर वही अंतिम नहीं। शब्द संसार के ध्वनि प्रतिनिधि हैं। यहां प्रत्येक वस्तु, पदार्थ के लिए शब्द है। इसलिए वे स्वयं एक विराट विश्व हैं। संसार में वन, उपवन, पर्वत और नदी समुद्र हैं। तो शब्द संसार में वन, उपवन आदि शब्द हैं। लेकिन वे प्रत्यक्ष वन, पर्वत आदि नहीं हैं। केला, आम या अंगूर वास्तविकता में सुस्वाद फल हैं। इनके नाम केवल संज्ञा हैं। हमारे संज्ञान में वे मूल पदार्थों के प्रतिनिधि स्वर-वर्ण मात्र हैं। आम खाकर मिठाई का बोध होता है। आम कहकर स्वाद नहीं मिलता। वे केवल नाम हैं। नाम से रूप समझना शिक्षा है और देखकर रूप नाम बोलना भी। नाम, रूप, गुण, व्यवहार आदि का ज्ञान शिक्षा से होता है। शिक्षक यही बोध देते हैं। वे संसार का साधारण परिचय कराते हैं। तैत्तिरीय के ऋषि ने शिक्षा की ठीक परिभाषा की है। ऐसा ज्ञान दुखमुक्ति का उपकरण नहीं हो सकता। गांधीजी ने पीड़ा व्यक्त की है कि गणित, भूगोल, इतिहास आदि जानकर मुझे क्या मिला? गांधी सत्यप्रिय थे। सत्यधर्मा- महान व्यक्ति। विश्व मानव। यह शिक्षा उनके काम नहीं आ रही थी। वे आगे बढ़े, सत्य के साथ हो गये।

मैंने सम्मानित शिक्षकों से विज्ञान पढ़ा। मातृभाषा पढ़ी। माननीय शिक्षकों ने अंग्रेजी भी पढ़ाई। वह मातृभाषा है नहीं सो मात्र-अंश ही समझ में आई। अर्थशास्त्र पढ़ा एमए तक। उत्तम अंक मिले, ज्ञान गंध तो मिली लेकिन तत्व ज्ञान नहीं मिला। दुखिया मन और दुखिया रहा। योरोपीय विद्वान और उन जैसे भारतीय विद्वानों ने भारत के प्राचीन साहित्य को धार्मिक आस्था वाला बताकर षड्यंत्र किया था। वैदिक साहित्य विज्ञान और दर्शन की अनुभूतियों से भरा-पूरा है। यूरोपीय विद्वानों ने भारतीय दर्शन चिंतन को कमतर बताया है। अंग्रेजी सभ्यता ने राष्ट्रजीवन को आत्महीन बताया। अब अंग्रेजी हमारी बुद्धि में है। सभी भारतीय भाषाएं हमारी मां, मां जैसी या मौसी लेकिन अंग्रेजी सुपरिचित आत्मीय शत्रु। अंग्रेजी भारतीय अनुभूति के प्रकटीकरण में अक्षम है। शिक्षक श्रद्धेय हैं। उम्र में छोटे हों तो भी। मनुस्मृति की बड़ी निन्दा होती है। इसमें शिशु ह्यदीक्षितह्व के सम्मान में भी 50-60 वर्षीय वरिष्ठजनों को सम्मान में खड़े होने के सुझाव हैं। तुलसीदास का ह्यश्रीगुरू चरण सरोज रज/निज मन मुकुर सुधारह्व दोहा है। इसका अंग्रेजी अनुवाद कठिन है। अंग्रेजी में गुरू का समानार्थी शब्द है नहीं। चरण के लिए शब्द है लेकिन सरोज का क्या करें? उसका ठीक अनुवाद हो भी तो सरोज रज का अनुवाद असंभव। शिक्षक की कठिनाई है। वे सुयोग्य हैं लेकिन शब्द ज्ञान से ही काम नहीं चलता। डॉ. राधाकृष्णन- भारतीय दर्शन की गहन समझ से भरे-पूरे थे। उनकी पुस्तक ह्यइण्डियन फिलॉस्फीह्व ने सारी दुनिया को भारतीय चिन्तन की जानकारी दी। गीता का अंग्रेजी अनुवाद असंभव है। उन्होंने इसे संभव बनाया। उन्होंने अनुवाद में अपना कोई दृष्टिकोण नहीं जोड़ा। भारतीय शिक्षा और शिक्षकों में राष्ट्रीय आत्मा की सुवास रही है। शिक्षा अच्छे मनुष्य की निर्मिति है। अच्छा मनुष्य आदर्श मनुष्य होना चाहिए। भारतीय आदर्श का अच्छा मनुष्य लोकमंगल अभीप्सु मानव है। आत्मबोध में वह सम्पूर्ण विश्व का अंश है। शिक्षक पर ऐसा ही मनुष्य गढ़ने की जिम्मेदारी हैं। आदर्श मनुष्य गढ़ना आसान नहीं। शिक्षा मनुष्य के सर्वोत्तम को प्रकट करती है। इसके लिए ध्यान चाहिए। ध्यान यानी एकाग्रता। विवेकानंद ने कहा है, ह्यएकाग्रता ही वह विधि है जिसके द्वारा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। मन की एकाग्रता ही शिक्षा का सार तत्व है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का यही सर्वोत्तम साधन है। विचारों की एकाग्रता के अभाव में ही मनुष्य भयंकर भूलें करता है। जो मनुष्य प्रशिक्षित होता है या जिनका मन एकाग्र होता है वह भूल नहीं करता। मनुष्य के चित्त की एकाग्रता के अनुपात में भिन्नता के कारण ही मनुष्यों में अंतर होता है। महान व्यक्ति का चित्त एकाग्र और साधारण व्यक्ति का मन कम एकाग्र या चंचल होता है। हरेक मनुष्य अनूठा है। अद्वितीय है। उस जैसा दूसरा मनुष्य है ही नहीं। दूसरा हो भी नहीं हो सकता। इसलिए उसके अन्तस् को उसी स्वरूप में, उसकी निजता और वैशिष्ट्य में सर्वोत्तम तक विकसित करने का काम कठिन है। परिश्रमी शिक्षक भी संगीत प्रिय छात्र को अर्थशास्त्र का विद्वान नहीं बना सकता। शिक्षक और छात्र का सम्बंध महत्वपूर्ण है। शिक्षा देना आसान है लेकिन छात्र का ग्राह्यता स्तर मापना कठिन है। उत्तर वैदिक काल में आचार्य और शिष्य साथ-साथ प्रार्थना करते थे-सहनोभुनक्त, सहनाववतु शब्द आज भी जीवंत हैं। शिक्षा में संसार की उपेक्षा नहीं थी। तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा की संक्षिप्त व्याख्या के बाद आचार्य और शिष्य प्रार्थना करते हैं-ह्यहम दोनों का यश साथ-साथ बढ़े। हम दोनों का तेज एक साथ बढ़े। हम लोक जानें। ज्योतियां जानें। विद्या (मुक्ति संधान) जानें और प्रकृति रहस्य भी। पृथ्वी पूर्व वर्ण है, अंतरिक्ष उत्तर वर्ण हैं। आकाश संधि है। वायु योजक हैं। आदि ह्व यहां शिक्षा का विस्तार अंतरिक्ष तक है। जहां तक शिक्षा है वहां तक शिक्षक का भी विस्तार है। इसलिए शिक्षक को आचार्य कहा गया। आचार्य अपने आचार शिक्षा देते थे। गुरू इसी शिक्षक चेतना का विकास है। शिक्षक दिवस गुरू उत्सव ही है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

# प्रदेश में बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण पर फोकस, अब सीतापुर में दूर होगी कनेक्टिविटी की समस्या

## -अयोध्या तथा प्रयागराज के बाद अब सीतापुर में शारदा कैनाल के ऊपर होगा नए ब्रिज का निर्माण

लखनऊ, 07 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश को उत्तम



प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए विशेष तौर पर फोकस कर रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 में कमान संभालने के बाद सीएम योगी द्वारा प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए खासतौर पर प्राथमिकता दी गई है। इसी का परिणाम है कि आज हाइवे, एक्सप्रेसवे के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों, कस्बों, गांवों व ब्लॉक की कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है। इस कार्य को पूरा करने के लिए सीएम योगी के विजन में एक कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसी कार्ययोजना के अंतर्गत अब सीतापुर में बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है।

**रोड ओवरब्रिज होगा शारदा नहर पर बनने वाला पुल**

उल्लेखनीय है कि अपनी विशिष्ट शैली, उत्तम गुणवत्ता तथा कम अवधि में निर्माण प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के कारण बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण को तरजीह दी जाती रही है। अयोध्या तथा प्रयागराज में भी हाल ही में इसी तकनीक पर आधारित रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया गया। वहीं, सीतापुर में जिस बो-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज का निर्माण होना है वह रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) होगा जिसका निर्माण शारदा नहर के ऊपर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर होगा।

**22.86 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण होगा पूरा**

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने परियोजना पर कार्य शुरू करते हुए एजेंसी निर्धारण व कायावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि परियोजना को 22.86 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत शारदा नहर पर तम्बौर से महमूदाबाद मार्ग पर ब्रिज का निर्माण होगा तथा इस निर्माण व विकास कार्य के अंतर्गत सब स्ट्रक्चर, सुपर स्ट्रक्चर व कनेक्टिंग रोड का निर्माण भी किया जाएगा।

**आठ महीने में कार्य होगा पूरा**

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस पूरी परियोजना को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 8 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2017 में योगी सरकार के गठन के बाद प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से राष्ट्रीय मार्गों का विकास, केंद्रीय मार्ग निधि योजना से मार्गों का विकास, विश्व बैंक-नाबार्ड तथा एशियन बैंक से प्राप्त ऋण से मार्गों का विकास, दीर्घ-लघु सेतुओं व आरओबी निर्माण समेत ब्लॉक-नगर पंचायत व ग्रामीण सड़कों का विकास प्रमुख है। इस क्रम में, योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में पिछले 7 वर्षों में प्रदेश में 28,538 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का विकास व नवनिर्माण हुआ है। प्रदेश में कुल 4,115 किमी के 46 नए राष्ट्रीय मार्ग तथा 5,604 किमी के 70 नए राज्य मार्गों के निर्माण की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के अब तक के कार्यकाल में प्रतिदिन 9 किमी मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा दो दिन में एक सेतु के निर्माण के औसत से कार्य हो रहा है।

2,503 किमी राज्य मार्गों, 5,934 किमी प्रमुख जिला मार्गों तथा 13,849 किमी अन्य जिला मार्गों का भी पिछले 7 वर्षों में योगी सरकार द्वारा विकास किया गया है।

# चन्द्रशेखर ने भी उठाये एनकाउंटर पर सवाल,राकेश त्रिपाठी ने अखिलेश को दिया जवाब

लखनऊ, 07 सितंबर (हि.स.)। सुल्तानपुर में "सरार्फा कारोबारी डकैती" के मामले में



आरोपी जौनपुर निवासी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बाद भीम आर्मी चीफ व सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने भी सवाल उठाया है। चन्द्रशेखर ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच सुप्रीम कोर्ट से कराने की मांग की है।

चन्द्रशेखर आजाद ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि सुल्तानपुर में "सरार्फा कारोबारी डकैती" के मामले में आरोपी जौनपुर निवासी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर आरोपी की माँ द्वारा उठाया गया सवाल (पुलिस ने सितंबर की रात पूछताछ के बहाने घर से उठाया और तीसरे दिन गोली मारकर हत्या कर दी) चिंता का विषय है। एनकाउंटर, शासनिक हत्या का साधन बन गया है। शासनिक हत्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 में प्राप्त "जीवन की आजादी" के मौलिक अधिकार की भी हत्या है। मैं सुप्रीम कोर्ट से मामले को संज्ञान में लेकर उच्च स्तरीय न्यायिक जाँच कराने का निवेदन करता हूं।

सुल्तानपुर लूटकांड को लेकर सपा आक्रोशित है। मंगेश यादव एनकाउंटर का मामले को सपा विधानमण्डल में उठायेगी। सपा की ओर से कहा गया है कि मानवाधिकार आयोग,पिछड़ा वर्ग आयोग में इसकी शिकायत करेगी। सपा ने जहां इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर तहरीर भी दी है। वहीं सरकार से मंगेश यादव के परिवार की मदद की अपील की है।

वहीं एमएलसी लाल बिहारी की अगुवाई में सपा का प्रतिनिधिमण्डल सुलतानपुर डकैती कांड के आरोपी मंगेश यादव के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने पर उसके घर गया था।

वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर डकैती की घटना को लेकर एक्स पर लिखा कि लुटेरों से लूट का माल किसने लूट लिया। जब सब पकड़े गये तो फिर सोना किसके पास। सब पकड़े गए तो सोना किसके खजाने में जमा हुआ। कहीं लुटेरे किसी के प्रतिनिधि तो नहीं,सवाल गंभीर है।

सुलतानपुर एनकाउंटर पर अखिलेश यादव के सवाल पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने पलटवार करते हुए कहा कि बाकी बचे अपराधी अगर अखिलेश के संपर्क में हों तो उन्हें सरेंडर करा दें वरना अपराधियों पर कठोर कार्रवाई पर फिर अखिलेश को पीड़ा होगी। अपराधी सभी अंजाम भुगतेंगे और लूट का माल भी वापस होगा।

# योगी सरकार में रौशन हो रही महिलाओं की जिंदगी

## -उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बना रही सीएम योगी की 'विद्युत सखी योजना'

## -सरकार का राजस्व बढ़ाने के साथ खुद भी स्वावलंबी बन रही विद्युत सखियां

लखनऊ, 07 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के रामनगर विकास खंड स्थित सिलौटा गांव की विद्युत सखी राजश्री शुक्ला ने न केवल विद्युत सखी योजना से जुड़कर अपने परिवार की आय बढ़ाई, बल्कि प्रदेश की अन्य महिलाओं के लिए एक मिशाल भी बनीं। वह खुद तो स्वावलंबी बनी हीं, साथ में गांव की अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित कर रहीं हैं और योगी सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बता रही हैं। वह अपने साथ ही ग्रामीण जीवन में भी बदलाव ला रही हैं। साथ ही बिजली सखी के रूप में घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करके ग्रामीणों को बिलों का भुगतान करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े होने के बोझ से छुटकारा दिला रही हैं।

**जुलाई-24 में प्रदेश में शीर्ष दस सबसे अधिक कमीशन अर्जित करने वाली बीसी सखियों में अपना नाम दर्ज कराया**

राजश्री शुक्ला ने बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बिजली का बिल जमा करती हैं, जिससे ग्रामीणों का समय तो बचता ही है, साथ ही लंबी लाइन से उन्हें छुटकारा भी मिल जाता है। राजश्री शुक्ला ने बताया कि वह 50,000 रुपये से अधिक कमीशन प्रतिमाह कमा रही हैं। उन्होंने जुलाई-24 में 81,900 रुपये का कमीशन अर्जित कर प्रदेश की दस सबसे अधिक कमीशन अर्जित करने वाली बिजली सखियों में अपना नाम दर्ज कराया है। वह बताती हैं कि वह स्वयं सहायता समूह के जरिए विद्युत सखी बनी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैंकिंग सखी की तर्ज पर हम लोगों को बिजली सखी से जोड़कर हमारे जीवन को खुशहाल बना दिया है। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देती हूं। आज मैं बिजली का बिल जमा कराकर उससे मिलने वाले कमीशन से अपने परिवार का बखूबी ख्याल रख रही हूं। इससे



मेरी और मेरे परिवार की आय में वृद्धि हुई है।

**30 हजार से अधिक महिलाएं बिजली सखी के लिए चयनित**

उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का सीएम योगी का प्रयास रंग लाने लगा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि महिला स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर नारी शक्ति प्रदेश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10,500 से अधिक विद्युत सखियों ने 1120 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल जमा कराकर 14.6 करोड़ रुपये कमीशन प्राप्त कर अपना और परिवार का जीवन रौशन किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब तक स्वयं सहायता समूह के जरिये 30,000 महिलाओं को चयनित किया जा चुका है, जिसमें से 10,500 से अधिक विद्युत सखियां पहले से ही पूरे प्रदेश में कार्य शुरू कर दिया है। यह ग्रामीण और शहरी इलाकों में मीटर रीडिंग और बिजली के बिल का कलेक्शन कर रही हैं। इसके लिए उन्हे विद्युत सखी ऐप उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वह लॉगिन करके बिजली बिल बनाकर उसका कलेक्शन करती हैं और ऐप के जरिए ही यूपीपीसीएल को बिल का भुगतान करती हैं।

**ऐप के जरिये ही प्राप्त हो जाता है कमीशन**

बिल का भुगतान करते ही उनका कमीशन भी ऐप पर तुरंत आ जाता है। ऐसे में उन्हे विद्युत उपकेंद्र तक भी नहीं जाना होता है। इस योजना से जुड़ने के लिए विद्युत सखी को पहली बार ऐप पर 30 हजार रुपये का रिचार्ज करना होता है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह के जरिए 30 हजार रुपये 4 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाता है। पहली बार रिचार्ज कराने के बाद विद्युत सखी दोबारा अपने अनुसार रिचार्ज कर अपना काम करती हैं।

**प्रतिमाह 8 हजार रुपये तक कमा रहीं बिजली सखी**

मिशन निदेशक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दो हजार तक के प्रति बिजली बिल के भुगतान पर विद्युत सखी को 20 रुपये दिए जाते हैं, जबकि दो हजार रुपये से अधिक के प्रति बिजली बिल के भुगतान पर 1 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। वहीं शहरी क्षेत्रों में तीन हजार तक के प्रति बिजली बिल भुगतान पर 12 रुपये और तीन हजार रुपये से ज्यादा के बिजली बिल भुगतान पर .4 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। इससे बिजली सखी हर माह करीब 6 से 8 हजार रुपये कमा रही हैं।

# करोड़ों की जमीन कब्जा मामले में चार इनामी गिरफ्तार

कानपुर, 07 सितम्बर (हि.स.)। करोड़ो रुपये की नजूल



सम्पत्ति पर अवैध कब्जा मामले में पुलिस ने शनिवार को चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इससे पहले मुख्य अभियुक्त व प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित समेत दो अभियुक्त जेल में है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते माह कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित समेत करीब 32 लोगों ने नजूल की जमीन पर अवैध कब्जा किया था। इस पर लेखपाल और जमीन पर रह रहे सैमुअल की तहरीर पर अलग-अलग दो मुकदमे कोतवाली थाना में दर्ज हुए थे। मामले में अवनीश को उसी दिन गिरफ्तार कर पुलिस ने आनन-फानन में जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने 25 हजार के इनामी मनोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा और बाकी बचे अभियुक्तों पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए स्वॉट टीम को भी लगाया गया है।

शनिवार को स्वॉट टीम के प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव की अगुवाई में पुलिस ने चार और इनामिया अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें अर्पण एरियल, नोरिस एरियल, अभिषेक उर्फ सोनू एरियल और कमला एरियल हैं।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा रही है।

इसी क्रम में आज चार अभियुक्तों को स्वॉट टीम ने गिरफ्तार किया है, जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। इसके साथ ही बाकी बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगी हुई है।

# ई-रिक्शा चालक की चाकू से गोदकर हत्या

लखनऊ, 07 सितम्बर (हि.स.)। मड़ियाव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात को ई-रिक्शा चालक ओमवीर कश्यप की चाकू से गोदकर हत्या कर दी है। मृतक के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रीतिनगर इलाके में ई-रिक्शा चालक ओमवीर कश्यप (20) को शुक्रवार की देर रात को सुफियान नाम के व्यक्ति ने चाकू मार दिया था। सूचना पर घायल को ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया है।

ओमवीर के पिता राजकुमार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। वहीं, पिता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें ट्रामा सेंटर से लेकर आ गई और शनिवार सुबह छह बजे तक जबरदस्ती थाने पर बैठाए रखा। पुलिस ने स्वयं तहरीर लिखकर उनका साइन करा लिया है। जबकि इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने इस बात से इंकार करते हुए बताया कि मृतक के पिता ने सुफियान नाम के एक युवक द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तहरीर दी है।

# स्वरोजगार को बढ़ावा -कारीगरों को निःशुल्क मोटराइज्ड दोना-पत्तल मशीन पाने का मौका

कानपुर देहात, 07 सितम्बर (हि.स.)। आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कामगारों को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ, द्वारा संचालित टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा वित्तीय जनपद में 10 मोटाराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जिसके लिए इस फील्ड में जानकार लोग कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।



स्वरोजगार को बढ़ावा देनेके लिये उत्तर प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है।

लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर उनके व उनके परिवार के भरण पोषण के लिए कई ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे स्वरोजगार पाने वाला व्यक्ति अपने साथ किसी और जरूरतमंद का भी पेट भर सके।

इसी कड़ी में कानपुर देहात के जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कामगारों को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कानपुर देहात द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में 10 मोटाराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन का निःशुल्क वितरण दोना पत्तल बनाने वाले कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों को किया जाना है।

लाभार्थियों का चयन, निर्धारित चयन समिति के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक लाभार्थी ऑन-लाइन पर जाकर 'ऑन-लाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन सेलेक्ट कर अपना आवेदन पंजीकरण करते हुए पंजीकृत आवेदन की प्रति किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 14 सितम्बर तक कार्यालय- जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, चिटिकपुर, रनियाँ, कानपुर देहात में जमा करा सकते है।

**18 वर्ष से 50 वर्ष के लोग कर सकते हैं आवेदन**

इस योजना का लाभ पाने के लिए पात्रता बनाई गई है जिसमे आवेदक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष तक होनी चाहिए।

आवेदक सम्बन्धित उद्योग में परम्परागत कारीगर हो, आवेदक का आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की प्रति, प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को वरीयता दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की चीनी मिलों में हो रहा बड़ा सुधार

लखनऊ, 7 सितंबर (हि. स.)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उनके जीवनस्तर में सुधार के लिए भी प्रयासरत है। प्रदेश के गन्ना किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले,



इसके लिए योगी सरकार ने चीनी मिलों की स्थापना और आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार की बागपत और मुजफ्फरनगर में चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की योजना है। इसमें इन मिलों की कार्यक्षमता में सुधार के साथ ही तकनीकी अपग्रेडेशन शामिल है।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर विचार किया गया। इसमें किसान सहकारी चीनी मिल बागपत की कार्यक्षमता में सुधार के लिए मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीडी क्रशिंग क्षमता), तकनीकी अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण कार्य से संबंधित प्रस्ताव के लिए 84.77 करोड़ की लागत का अनुमान जताया गया है। इसमें 50 प्रतिशत राज्य सरकार से अंश पूंजी के रूप में तो 50 प्रतिशत ऋण के रूप में लिए जाने की वित्तीय व्यवस्था की जाएगी। 2024-25 के शासकीय बजट में 65 करोड़ के अनुदान के तहत निवेश/ऋण का प्रावधान है। मिल के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के बारे में बताया गया कि मिल के कमांड एरिया में गन्ने की प्रचुर उपलब्धता है। साथ ही मिल द्वारा लगभग 4.82 लाख टन गन्ने की पेराई की जा रही है। अगले 5 वर्षों में कारखाने के कमांड एरिया से प्लांट को लगभग 5.01 लाख टन गन्ना पेराई के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इसी तरह गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. मोरना, मुजफ्फरनगर की कार्यक्षमता में मार्जिनल विस्तार (2500 टीसीडी से 3000 टीसीजी क्रशिंग कैपेसिटी), तकनीकी अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण कार्य के लिए 88.02 करोड़ की प्रस्तावित लागत का अनुमान जताया गया है।

यहां भी वित्तीय व्यवस्था समान रहेगी, जबकि आधुनिकीकरण की आवश्यकता के विषय में कमांड एरिया में गन्ने की प्रचुर उपलब्धता, लगभग 4.85 लाख टन गन्ने की पेराई के साथ ही अगले 5 वर्षों में 5.40 लाख टन गन्ना पेराई के लिए उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है। तकनीकी अपग्रेडेशन एवं आधुनिकीकरण से इन मिलों को काफी लाभ मिलेगा।

स्टीम एवं पावर कंजप्शन में कमी आएगी, गन्ने की समय से पेराई होगी, बगास की बचत के साथ ही चीनी परता में वृद्धि होगी।

# गणेश महोत्सव में अबकी बार बढ़े पंडाल, खूब बिकी मूर्तियां

कानपुर, 07 सितंबर (हि.स.)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की प्रेरणा से मुंबई की तर्ज पर दशकों से कानपुर में गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी पर आज से यानी शनिवार से शहर में गणेश महोत्सव की गूंज सुनाई देने लगी। बीते कई सालों से नगर में गणेश प्रतिमाओं की बिक्री की संख्या में वृद्धि भी होती जा रही है। जहां बीते साल तक शहर में गणेश पंडालों की संख्या लगभग दो हजार के आसपास मानी जा रही थी वह अब बढ़कर तीन हजार से अधिक हो गई है।

नगर में शनिवार से गणपति बप्पा की गूंज शुरू हो गई जो अगले 11 दिनों तक गुंजायमान रहेगी। इस बार कानपुर में भी इस त्योहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। मूर्ति कलाकारों की माने तो हर साल की अपेक्षा इस साल 50 प्रतिशत अधिक मूर्ति की बिक्री हुई है। घरों के लिए लोगों ने 4 इंच से लेकर 4 फिट तक की मूर्ति खरीदी है तो वहीं, पंडालों के लिए 8 फिट की मूर्ति की बिक्री हुई है।

मूर्ति कलाकार संजय प्रकाश ने शनिवार को बताया कि इस बार लोग मूर्ति की खूबसूरती के साथ-साथ कुछ नया भी देखना पसंद कर रहे हैं, जैसे कि गणेश जी पर शेषनाग की छाया, मुस्कराते हुए गजानन। इस तरह की मूर्ति की मांग लोग ज्यादा कर रहे हैं।

मूर्ति कलाकारों के अनुसार हर साल 2 हजार मूर्ति के आसपास का कारोबार करते थे, लेकिन इस बार लगभग 3 हजार मूर्ति का ऑर्डर एक मार्केट को मिला है। मतलब की लगभग 50 प्रतिशत मूर्ति की मांग इस बार बढ़ी है। छोटी-छोटी मूर्ति की डिमांड भी हर साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा रही हैं। घरों में लोग मिट्‌टी की मूर्ति की डिमांड करते है। मिट्‌टी की मूर्ति ले जाने का फायदा ये रहता है कि आप अपने घर पर ही बाल्टी में भगवान का विसर्जन कर सकते हैं। मूर्ति पूरी तरह से घुल जाएगी और फिर वो पानी पेड़ों में डाल दें। मूर्ति कलाकार सोनू ने बताया कि दो से 5 फिट तक मूर्ति की डिमांड अधिक रही। लगभग 60 प्रतिशत लोग इस साइज की मूर्ति को पसंद करते हैं, जहां पर बड़े पांडाल सजते हैं वहां पर 6 से 8 फिट तक की मूर्ति की डिमांड रहती है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु ने कराई थी, इस गणेश मंदिर की स्थापना

जालौन, 7 सितंबर (हि.स.)। कालपी का गणेश मन्दिर उत्तर प्रदेश के जालौन ज़िले में यमुना तट पर बसे कालपी नगर में स्थित है। यह प्रसिद्ध मन्दिर धार्मिक मान्यताओं के साथ-



साथ ऐतिहासिक कारणों से भी प्रसिद्ध है। मन्दिर में गणेश भगवान की तीन मूर्तियाँ हैं। ये तीनों मूर्तियाँ दक्षिणमुखी हैं, जबकि गणेश जी की सूंड़ उत्तर की ओर है। लगभग 600 साल पुराने इस मन्दिर की देखभाल महाराष्ट्र का एक ब्राह्मण परिवार करता है। मन्दिर की स्थापना छत्रपति शिवाजी के गुरु समर्थ रामदास ने 'हिन्दूपद पादशाही' की स्थापना के संकल्प के साथ करवाई थी।

महाराष्ट्र के ब्राह्मण पुजारी परिवार की आठवीं पीढ़ी के पंडित अनिल कान्हेरे के अनुसार करीब 600 साल पहले शिवाजी महाराज के गुरु समर्थ रामदास अपने गुरुरोपण की समाधि पर फूल चढ़ाने के लिए यहाँ आए थे। उस समय कालपी में रुककर उन्होंने बलुई मिट्टी से एक ऐसे दक्षिणमुखी गणेश मन्दिर की स्थापना करवाई, जिनकी सूंड उत्तर दिशा की ओर रहे। समर्थ गुरु रामदास ने इस मूर्ति की स्थापना कर इसकी देखभाल की ज़िम्मेदारी महाराष्ट्र के ब्राह्मण 'लाखोबा कानेरे' को दी थी। इसके बाद समर्थ रामदास गुरु इटौरा पहुँचे, जहाँ उनके गुरुरोपण की समाधि है। समाधि पर पूजा-अर्चना के बाद समर्थ रामदास गुरु का इटौरा से लौटने के बाद इस मन्दिर में पुनः आए और शिवाजी महाराज के माध्यम से 'हिन्दूपद पादशाही' का संकल्प गणेश जी की मूर्ति के सामने लेकर महाराष्ट्र चले गए। समर्थ गुरु रामदास के संकल्प की ख्याति पूरे महाराष्ट्र और बुन्देलखण्ड में व्याप्त थी।

ऐतिहासिक तथ्य -अनिल राव कान्हेरे के अनुसार, 17वीं शताब्दी में मुगल बादशाह औरंगजेब के सेनापति वंगश खाँ ने जब भारी सेना लेकर बुंदेला राजा छत्रसाल के राज्य पर आक्रमण किया, तब उसने पेशवा बाजीराव प्रथम से सहायता मांगी। पेशवा बाजीराव अपनी सेना लेकर कालपी आए। उन्हें समर्थ गुरु रामदास के बनाए गए सिद्ध गणेश मन्दिर की प्रसिद्धि के विषय में मालूम था। पेशवा बाजीराव प्रथम ने इसी सिद्ध गणेश मन्दिर में संगमरमर की उत्तर की ओर सूंड किए हुए दक्षिणमुखी गणेश की एक अन्य प्रतिमा की स्थापना करवाई। इसके बाद पेशवा बाजीराव प्रथम की मुगल सेनापति वंगश खाँ से युद्ध में जीत हुई। इसके बाद बुंदेला राजा छत्रसाल ने पेशवा बाजीराव को अपना दत्तक पुत्र मानकर उन्हें बुंदेला राज्य की तमाम जागीरें, हीरे, पन्ना, माणिक सहित तमाम रत्न तथा सोने के तमाम जेवरात प्रदान किये।

19वीं शताब्दी में अंग्रेजों से लड़ने से पूर्व झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने यहाँ एक और दक्षिणमुखी गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना करवाई थी। हालांकि अंग्रेजों से युद्ध में रानी लक्ष्मीबाई को पराजय का मुंह देखना पड़ा था।

गणेश मन्दिर के वर्तमान पुजारी अनिल राव कान्हेरे के अनुसार पूरे विश्व में यह एकमात्र मन्दिर है, जहाँ एक ही मन्दिर में गणेश जी की तीन तीन मूर्तियाँ स्थापित हैं और मूर्तियाँ दक्षिणमुखी तथा तीनों की सूंड उत्तर की ओर है।

# जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने किया हमला, आठ घायल

जालौन, 07 सितम्बर (हि.स.)। थाना सिरसा अंतर्गत ग्राम नियामतपुर सिरसा चौराहा पर अपने प्लॉट पर काम कर रहे परिवार पर चौबीस से अधिक अपने साथ लगभग चौबीस से अधिक लोगों को लाठी डंडों से लैस होकर अपने साथ लाये और काम कर रहे परिवार पर हमला बोल दिया। जगह को लेकर विवाद हुआ है, उसका पहले से ही मुकदमा चल रहा था। वह मुकदमा जीत गया और 25 अगस्त 2024 को लेखपाल पुलिस बल के साथ



दबंगों ने हमला बोल दिया। इसमें दो महिलाएं एक बच्चे सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को थाना सिरसा कलार ले गई, जहां पर उन्हें चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक केंद्र कुठौंद भेजा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर सिंह विश्वकर्मा सिमर चौराहे पर प्रशासनिक अनुमति से अपने प्लांट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। तभी शनिवार सुबह अमरपाल सिंह, महिपाल सिंह ठाकुर निवासी लौना थाना चुर्खी

इस दौरान अमर सिंह विश्वकर्मा, रामू विश्वकर्मा, सियाराम विश्वकर्मा, प्रयाग नारायण विश्वकर्मा, शारदा विश्वकर्मा, पूरन विश्वकर्मा, प्रेमलता विश्वकर्मा और शालू विश्वकर्मा घायल हो गये। घायल अमर सिंह विश्वकर्मा ने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस पहुंची। घायलों को सिरसा थाने ले गई, जहां पुलिस ने तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सामुदायिक केंद्र कुठौंद भेजा है।

घायल अमर सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि जिस आए हुए थे और उन्होंने नाप तोल करके उससे अपना निर्माण कार्य करने की अनुमति दे दी थी। राजस्व विभाग की अनुमति के अनुसार वह आज अपने प्लॉट पर पिलर बनाने का काम करवा रहा था। तभी ठाकुर बिरादरी के अमरपाल सिंह, महिपाल और उनके लड़के तथा अज्ञात 24 से अधिक दबंगों ने लाठी-डंडों से उनके और उनके परिवार के लोगों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया है। परिवार के आठ लोग घायल हैं। पुलिस मामले की कार्रवाई में जुट गई।

# गाजियाबादः अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन बदमाश पुलिस की गोली से घायल, चार गिरफ्तार

गाजियाबाद, 07 सितंबर (हि.स.)। गाजियाबाद पुलिस ने शुक्रवार-शनिवार की रात दो अलग-अलग मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए हैं जबकि चौथे बदमाश को पुलिस ने दौड़कर पकड़ा है। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीसीपी नगर राजेश कुमार ने बताया कि विजयनगर पुलिस को सूचना मिली कि डम्पिंग यार्ड सिद्धार्थविहार में एक ऑटो में कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौजूद हैं, जिनके पास अवैध अलाह भी हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीम डम्पिंग यार्ड पहुंची और घेराबंदी की। इस बीच पुलिस टीम को देख यार्ड में खड़े ऑटो से पांच व्यक्ति उतरे और जान से मारने की नियत से पुलिस कर्मियों पर फायर करते हुये भागने लगे। आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुलिस पार्टी ने भी फायरिंग की, जिसमें दीपक उर्फ डेविड तथा अभिषेक मौर्य घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। इसके अलावा उनके एक अन्य साथी अरमान को डम्पिंग यार्ड सिद्धार्थ विहार में प्रयुक्त ऑटो व चोरी/लूट के सामान एवं अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके दो साथी अंकुर व अंकित अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग बाजार, राहगीर एवं घरों से मोटर साईकिल चोरी, मोबाईल लूट जैसी घटना कारित करते हैं तथा उन्हे सस्ते दामों पर बेचकर जो रूपया मिलता है उसे आपस में बांट लेते हैं।


आज भी हम घटना कारित कर चोरी और लूट के माल को बेचने की फिराक में घूम रहे थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। इनके कब्जे से दो लैपटॉप, एक टैबलेट, आठ मोबाइल भिन्न भिन्न कम्पनी के, पांच मोटर साइकिल व एक स्कूटी के साथ दो तमंचे, चार जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

इसके अलावा थाना साहिबाबाद पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के पास मुठभेड़ के दौरान राजीव कालोनी निवासी भीम को गिरफ्तार किया है। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि बदमाश के बाए पैर में गोली लगी है।

वह शातिर लुटेरा है। उसके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक लूट का मोबाइल फोन व लूट की दो चेन पीली धातु बरामद हुई हैं।

# हैकाथॉन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के 120 स्टूडेंट्स की परखी जाएगी मेधा

मुरादाबाद, 07 सितम्बर (हि.स.)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग भारतीय मुकाबले होने जा रहा है। इसके लिए प्रथम चरण में सॉफ्टवेयर की 09 और हार्डवेयर की 09 यानी कुल 18 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। तीन दर्जन




साइंसेज एंड आईटी के मेधावी स्टुडेंट्स और फैकल्टीज ने इन्नोवेटिव आइडियाज के लिए फिर से कमर कस ली है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 के ग्रांड फिनाले में यूनिवर्सिटी के 120 स्टूडेंट्स की मेधा परखी जाएगी। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 के ग्रांड फिनाले में इन्नोवेटिव आइडियाज देने वाले विजेताओं को शिक्षा मंत्रालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय चरण के बाद ही फाइनल के लिए टीमों का चयन होगा। प्रत्येक टीम में अधिकतम छह स्टूडेंट्स होंगे, जिसमें 01 छात्रा का होना अनिवार्य है।

उल्लेखनीय है, केंद्र सरकार की 171 सॉफ्टवेयर, जबकि 68 हार्डवेयर की दुश्वारियों के स्थाई समाधान के लिए यह अखिल मेंटर्स की लीडरशिप में टीएमयू के 108 स्टूडेंट्स प्रेजेंटेशन देंगे।

इस बारे में एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता क्रिएशन और इन्नोवेशन की संस्कृति का उत्कृष्ट संगम है। भारतीय नवाचार परिषद- आईआईसी, एआईसीटीई, एमआईसी और मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की यह शानदार पहल है।

टीएमयू 2020 की हैकाथॉन प्रतियोगिता के राष्ट्रीय फ्रेम में अपनी दमदार मेधा दिखा चुका है। एक संस्था से दो टीमों का जीतना किसी अनूठी उपलब्धि से कम नहीं होता है। उन्होंने उम्मीद जताई, हमारे स्टुडेंट्स एक बार फिर शिखर को छुएंगे।

# महिला की हत्या में फरार आरोपित पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जालौन, 07 सितम्बर (हि.स.)। जनपद में चार दिन पहले एक महिला का खेत में नग्न हालत में शव मिला था। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। हत्या करने वाले का पुलिस ने हॉफ एनकाउंटर करते हुए गिरफ्तार कर लिया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के उसरगांव गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में बीते चार दिन पहले एक अज्ञात विवाहित महिला का नग्न शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला घोंटकर हत्या की बात प्रकाश में आई थी। इसके बाद पुलिस ने उसकी शिनाख्त करने के बाद पिता की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। इस घटना के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकार कालपी डॉ.देवेंद्र पचौरी के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया था।

शुक्रवार देर रात को पुलिस ने सूचना पर इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपित को हॉफ एनकाउंटर करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

हत्या गांव के ही रहने वाले एक युवक चंद्रपाल उर्फ रण विजेंद्र पाल अहिरवार ने की जो घटना के बाद से ही फरार था। वह महिला के इर्द गिर्द ही रहता था। शुक्रवार रात करीब 12 बजे पुलिस को खबर मिली कि चंद्रपाल उर्फ रण विजेंद्र पाल अहिरवार कहीं बाहर भागने की फिराक में और उससे पहले अपने घरवालों से मिलने गांव आ रहा है। इस पर उसकी घेराबंदी शुरू की गई और सरसेला रोड पर पुलिस टीमों ने जब उसे रोका तो उसने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया।

पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। एक गोली चंद्रपाल के पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से पुलिस को अवैध असलहा, कारतूस, खोखा व बाइक बरामद हुई। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शनिवार को बताया कि शुरूआती पूछताछ में चंद्रपाल ने कबूला है कि उसने महिला की हत्या की है। फिलहाल उसे इलाज के लिए भेज दिया गया है और इलाज के बाद ही आगे की पूछताछ की जाएगी।

## प्रतापगढ़ः आयरन सिरप में जहरीला पदार्थ मिलाकर पत्नी को पिलाकर मारने वाला गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 07 सितम्बर (हि.स.)। जिले के कुंडा क्षेत्र में आयरन सिरप में जहरीला पदार्थ मिलाकर पत्नी को पिलाकर मारने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह अपनी प्रेमिका के लिए पत्नी को रास्ते से हटाना चाहता था।

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने बताया कि प्रवीण पाण्डेय को फूलमती मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। वो दो बच्चों का पिता है। उसने अपनी पत्नी सन्नू देवी की हत्या के लिए एक अनोखी चाल चली। उसने अपनी पत्नी को आयरन सिरप में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपित ने हत्या को छिपाने और परिवार को धोखे में रखने के लिए उसने अपनी मां को भी थोड़ी मात्रा में वही दवा पिलाई, ताकि लगे कि दवा सुरक्षित है।

हालांकि, इलाज के बाद उसकी मां की जान बच गई, लेकिन सन्नू देवी की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मृतका के भाई नीरज मिश्रा ने थाना हथिगवां में प्रवीण पाण्डेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपित ने अपना गुनाह स्वीकार किया वो किसी और से प्रेम करता था, इसी कारण पत्नी से पीछा छुटाना था। एक सितम्बर की रात को उसने आयरन सिरप में जहरीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पुलिस ने नवीपुर पुल, कौशाम्बी के पास से घटना में प्रयुक्त कीटनाशक दवाओं की दो शीशियाँ बरामद की।

## लखनऊः चिनहट में पकड़ा गया फर्जी दरोगा

लखनऊ, 07 सितम्बर (हि.स.)। चिनहट थाना पुलिस ने शनिवार को एक फर्जी दारोगा को गिरफ्तार किया है। युवक से पूछताछ कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

थाना प्रभारी अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चौकी इंचार्ज जावेद रोजाना की तरह मटियारी के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान ढाबे के पास एक संदिग्ध युवक दारोगा की वर्दी में दिखायी दिया। उसने शक के आधार पर जब युवक से विभाग से संबंधित चीजों को पूछताछ शुरू कर दी तो घबराया। बाद में युवक ने बताया कि वह मूलरूप से बहराच के रामगांव का रहने वाला छात्र सोमिल सिंह है। ये वर्दी उसके दोस्त की है और स्टार बाजार से खरीदकर लगाया है। वर्दी पहनकर वो यहां पर कार खरीदने आया था। उसके पास से एक फर्जी आई कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# जालौनः हत्या और लूट मामले में दोषी को उम्रकैद, 60 हजार का आर्थिक दंड

जालौन, 07 सितम्बर (हि.स.)। जनपद में 25 साल पुराने हत्या और लूट के मामले में शनिवार को न्यायालय स्पेशल जज डकैती कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त 60 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। दोषी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में 12 साल पहले एक दोषी को भी आजीवन कारावास की सजा हुई थी।

इस मामले की पैरवी करने वाले अपर शासकीय अधिवक्ता महेंद्र विक्रम ने शनिवार को यह बताया कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के एट-कोंच रोड स्थित ग्राम अंडा के पास 26 मार्च 1999 को मुश्ताक व सलीम तथा अयोध्या प्रसाद से कोंच जा रहे थे। तभी अयोध्या प्रसाद और सलीम ने अपने ही साथी मुश्ताक के ऊपर हथौड़े से हमला करते हुए पीट-पीटकर घायल कर दिया था। उसकी एचएमटी घड़ी, मोटरसाइकिल जंजीर एवं दो हजार रुपये लूट लिए थे। साथ ही उसे घायल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया था।

उसकी स्थिति देखते हुए उसे झांसी रेफर कर दिया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले में 27 मार्च 1999 को अज्ञात लोगों के खिलाफ मृतक के भाई ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। विवेचना के बाद



इसमें मृतक मुश्ताक के साथी अयोध्या प्रसाद, सलीम उर्फ डब्लू और सलीम ड्राइवर का नाम सामने आया था। पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही सभी लोगों के खिलाफ न्यायालय में चार्जसीट दाखिल की थीं।

इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से 12 गवाह पेश किए गए थे। इसमें 16 जनवरी 2012 को एक अभियुक्त अयोध्या प्रसाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जबकि इस मामले में एक अन्य आरोपी सलीम ड्राइवर को दोष मुक्त कर दिया था। एक अभियुक्त सलीम उर्फ डब्लू ने 313 के बयानों के वक्त अपने आपको नाबालिक बताया था, जिसकी पत्रावली पेश की गई थी, जो वाद सुनवाई के दौरान निरस्त कर दिया गया।

इस मामले में अभियुक्त सलीम की निशानदेही पर मृतक की घड़ी वह हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद हुआ था। कुल 14 चोटें मृतक के शरीर पर आई थी।

इस मामले में सुनवाई पूरी हुई। साथ ही सलीम उर्फ डब्लू को साक्ष्य और गवाहों के आधार पर स्पेशल न्यायालय डकैती कोर्ट के न्यायाधीश डॉक्टर अवनीश कुमार ने आईपीसी धारा 302, 394 में बालिग साबित होने पर आजीवन कारावास एवं 60 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है।

# हाईकोर्ट ने कार्यरत पुलिस कर्मियों के खिलाफ जारी विभागीय कार्रवाई पर लगाई रोक

प्रयागराज, 07 सितम्बर (हि.स.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद, मेरठ, वाराणसी, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर, बस्ती. आगरा, गोरखपुर एवं प्रयागराज में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर, दरोगा, हेड कांस्टेबल एवं कान्स्टेबलों के विरुद्ध जारी विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है।

यह आदेश जस्टिस जे जे मुनीर ने सुधीर कुमार सिंह, गौरव सिंह, यशवीर सिंह, हरिश कुमार, योगेश कुमार, राजीव चौधरी, दीपक कुमार सिंह, इमरान खॉन व अन्य पुलिस कर्मियों के विरूद्ध प्रचलित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14(1) के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही को अग्रिम आदेशों तक स्थगित करते हुए दिया है। कोर्ट ने इसी के साथ पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए उनसे जवाब तलब किया है।

न्यायाधीश जे जे मुनीर ने पुलिस विभाग में कार्यरत दर्जनों अलग-अलग पुलिस कर्मियों की याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया है। कोर्ट ने इस तरह की दाखिल अन्य याचिकाओं को कनेक्ट करते हुए सभी पर एक साथ सुनवाई करने का निर्देश दिया है।

याची पुलिस कर्मियों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम का कहना था कि जिन आरोपों में याचीगणों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है, उन्हीं आरोपों के सम्बन्ध में विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। क्रिमिनल केस के आरोप व साक्ष्य एवं विभागीय कार्यवाही के आरोप व साक्ष्य एक समान है। वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था कि पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा 483, 486, 489, 492 एवं 493 में यह व्यवस्था दी की गयी है कि पुलिस कर्मियों के विरूद्ध अगर क्रिमिनल केस प्रचलित है तो उन्हीं आरोपों में विभागीय कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब तक कि क्रिमिनल केस में ट्रायल पूर्ण न हो जाय या फाइनल रिपोर्ट में अपचारी बरी न हो जाय। पुलिस रेग्यूलेशन के पैरा को सर्वोच्च न्यायालय ने जसवीर सिंह के केस में अनिवार्य माना है तथा यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया है कि पुलिस रेग्यूलेशन का पालन किये वगैर की गयी कार्यवाही विधि सम्मत नहीं है एवं नियम तथा कानून के विरूद्ध है।

मामले के अनुसार उप्र पुलिस विभाग के याची निरीक्षक, उपनिरीक्षक व आरक्षियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार व अन्य मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट विभिन्न थानों में दर्ज कराई गयी है। तथा उक्त क्रिमिनल केस के आरोपों के सम्बन्ध में उप्र पुलिस अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14(1) के तहत विभागीय कार्यवाही सम्पादित करते हुए अधिकारियों द्वारा आरोप पत्र भी निर्गत किये गये है। इन पुलिस कर्मियों द्वारा धारा 14(1) की विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकायें दाखिल कर चुनौती दी गई है।

याचियों की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कैप्टेन एम पॉल एन्थोनी बनाम भारत गोल्ड माईन्स लिमिटेड तथा हाईकोर्ट के निर्णय में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गयी है कि यदि क्रिमिनल केस के आरोप एवं विभागीय कार्यवाही के आरोप एक समान है तो विभागीय कार्यवाही क्रिमिनल केस के समाप्त होने तक याचियों के विरूद्ध नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट के इस आदेश से पुलिस कर्मियों को राहत मिली है।

हाईकोर्ट के इस स्थगन आदेश को सम्बन्धित जिलों के पुलिस अधिकारियों को अवगत कराने के लिये सम्बन्धित जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा रजिस्ट्रार अनुपालन इलाहाबाद हाईकोर्ट को 48 घण्टे के अन्दर सूचित करने के लिये आदेशित किया गया है।

# बिजनौर में एक और मादा गुलदार पिंजरे में फंसी

बिजनौर, 07 सितम्बर (हि.स.)। जिले में दहशत का पर्याय बने गुलदार के हमलों के बीच शनिवार की सुबह राहत भरी रही। यहां हल्दौर क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में वन विभाग द्वारा एक और गुलदार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है। 15 दिनों में वन विभाग ने यह चौथी सफलता है जब गुलदार को रेस्क्यू किया है।

बिजनौर-चांदपुर रेंज की सीमा पर स्थिति विकास खंड हलदौर के गांव जलालपुर हसना में एक व्यक्ति पियूष उर्फ पिंकी की गुलदार हमले में मृत्यु हो गई थी। उक्त क्रम में जनहानि कारित करने वाले गुलदार को पकड़ने व जनआक्रोश को शांत करने के उद्देश्य से जलालपुर हसना में अस्थाई कैंप लगाकर वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

इस ऑपरेशन में 31 अगस्त को इसी ग्राम पंचायत के ग्राम सल्लाहपुर से एक नर गुलदार का सफल रेस्क्यू कर उसके प्रकृतिवास में अवमुक्त किया गया।

परन्तु ग्रामीणों व गुलदार के ट्रैकिंग में लगी टीमों द्वारा इसी गांव में एक अन्य गुलदार दिखाई पड़ने की सूचनाएं मिलने पर वन विभाग द्वारा गांव जलालपुर में ट्रैप केज लगाकर लगातार निगरानी कराई जा रही थी।

वन विभाग की यह प्लानिंग सफल साबित हुई और एक मादा गुलदार आज सुबह प्रातः 5.30 बजे जलालपुर हसना में लगे पिंजरे में सुरक्षित आ गई। वन विभाग के रेंजर करन सिंह ने बताया कि एक गुलदार पिंजरे में सफलता पूर्वक फंस गया है।

जिसे रेस्क्यू कर बिजनौर रेंज की बिजनौर नर्सरी में ले जाया गया है।

उल्लेखनीय है कि जनपद बिजनौर में गुलदारों का आतंक इस कदर व्याप्त है कि ग्रामीण खेतों में समूह बनाकर जा रहे हैं।

अब तक डेढ़ वर्ष के भीतर गुलदार 25 लोगों से अधिक को मार चुके हैं। वहीं वन विभाग द्वारा भी लगभग 80 गुलदारों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

पिछले दिनों वन राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने बिजनौर में अधिकारियों के साथ इस संबंध में मीटिंग भी की थी तथा समुचित उपाय करने के लिए आदेश दिए थे। इसके बाद जिला प्रशासन के सहयोग से बड़े स्तर पर पिंजरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए योजना बनाई गई। इसी क्रम में लगातार वन विभाग ने सक्रियता बढ़ाते हुए गुलदारों की ट्रैकिंग व हर हरकत को


लेकर निगरानी बढ़ा दी गई है। इसी के परिणाम स्वरूप 15 दिनों में चार गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने में सफलता मिली है।

हालांकि अभी भी इलाके में गुलदार होने की आशंका ग्रामीणों में बनी हुई है।

# गुलामी का प्रतिकार करने की रानी लक्ष्मीबाई की सीख को अंगीकार करें : डॉ मोक्षराज

## -मजबूरी में अपनाए गए पंथ को त्यागने का करें साहस, एक दिवसीय प्रवास में बोले पूर्व राजनयिक

### -रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय का भी किया अवलोकन




झांसी, 07 सितंबर (हि.स.)। रानी लक्ष्मीबाई ने अपने शौर्य व बलिदान के माध्यम से हमें पराधीनता के प्रतिकार की जो सीख दी है, उसे प्रत्येक नर-नारी को अंगीकार करना चाहिए। अब वह पराधीनता सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं विदेशी वस्तुओं से जुड़ी है।

यह विचार अमेरिका स्थित भारतीय राजदूतावास वाशिंगटन डीसी में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक एवं भारतीय संस्कृति शिक्षक रहे डॉ. मोक्षराज ने झाँसी में शनिवार को एक दिवसीय प्रवास के दौरान झांसी-किला दर्शन के अवसर पर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी से पहले व उसके बाद लाखों लोगों को धन के लालच, मृत्यु व अस्मिता के भय से अपना धर्म बदलना पड़ा। अब ऐसे पंथों को ढोने का कोई औचित्य नहीं है। सांस्कृतिक हमलों से पीड़ित लोगों को महारानी लक्ष्मीबाई के साहस से प्रेरणा पाकर मजबूरी में अपनाए पंथों को त्यागना चाहिए। ऐसा करने पर वे न केवल अपने पूर्वजों की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा कर पाएँगे बल्कि देश के प्रति अपेक्षाकृत अधिक निष्ठा व विश्वसनीयता भी ग्रहण कर सकेंगे तथा जिसके कारण उनकी नई पीढ़ी का भविष्य और अधिक उज्ज्वल होगा तथा उनके लिए यह सांस्कृतिक आजादी युगों-युगों के लिए हितकारी हो सकती है।

डॉ. मोक्षराज ने कहा कि हमें अपने देश की आर्थिक समृद्धि व सामायिक शक्ति के लिए विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का भी संकल्प लेना चाहिए तथा राजनेताओं को अपने सिर पर बिठाने की अपेक्षा उन्हें ईमानदारी से राष्ट्र सेवा करने के लिए विवश करना चाहिए।

झांसी प्रवास के दौरान उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय का भी अनौपचारिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय में कृषि पर हो रहे अनुसंधानों एवं पर्यावरण के रक्षक लाखों पेड़-पौधों को देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई, जिसके लिए डॉ. मोक्षराज ने विश्वविद्यालय प्रशासन व कार्मिकों की प्रशंसा की। उनके साथ भरतपुर के राष्ट्रवादी युवा रवि चौधरी एवं अलवर के कृषकरत्न मनीष कुमार भी थे।

# सरकारी सिंचाई नाली काटकर मिलाई खेत में एसडीएम से की शिकायत

हाथरस।सासनी तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम श्रीमती प्रज्ञा यादव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें एसडीएम ने शिकायत संबधित अधिकारियों को समयवद्धता के भीतर समस्या समाधान की सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि यदि किसी समस्या का समाधान होने के बाद शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो दोनों पक्षों को बैठाकर समस्या समाधान करें, यदि इतने पर भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो उच्चाधिकारियों को जरूर बताएं जिससे समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि समस्या समाधान के बाद शिकायतकर्ता से फोन पर अवश्य जानकारी लें कि वह संतुष्ट है अथवा नहीं और इसकी जानकारी भी उच्चाधिकारियों दें।

शनिवार को लगाए गये समाधान दिवस में गांव हडौली के धर्मवीर सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने अपने ही गांव के रेशमपाल सिंह पुत्र श्रीराम के खिलाफ अरोप लगाते हुए शिकायत की कि वह खाता सं0 261 के खसरा सं0 89 रकबा 0.880 है0 का सहखातेदार है। प्रार्थी के खसरा सं0 89 के पूरव व उत्तर की ओर राजकीय नाली दौरान चकबन्दी दी गई थी किन्तु विपक्षी ने चकबन्दी के तीन बार पुलिसबल के साथ पैमाइश होने के वावजूद भी प्रश्नगत नाली को अपनी दबंगई से तोडकर अपने खेत में मिला लिया है। शिकायत में कहा है कि हाजा लेखपाल ने भी कईबार निशानदेही करते हुये प्रश्नगत नाली को छोडने के लिये विपक्षी से कहा है किन्तु विपक्षी टालमटूल करके नाली को नही छोड़ रहा है। इसलिये पुलिस की सहायता से ही नाली की नाप कराकर छुडवाना आवश्यक है। पीडित किसान ने पुलिस बल की मौजूदगी में अभिलेखागार प्रश्नगत नाली की स्थल पर माप कराकर विपक्षी से कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। वहीं तहसील दिवस में 14 शिकायते दर्ज की गईं। एक का मौक पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में तहसीलदार अनिल कुमार, विकासखंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह, के अलावा लेखपाल मौजूद थे।

# धूमधाम से हुआ श्रीगणेश चतुर्थी महोत्सव शुभारंभ

हाथरस। कस्बा की सामाजिक संस्था समर्पण सेवा समिति के बैनरतले 14 वॉ श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ श्री गणेश जी प्रतिमा को बस स्टैण्ड के निकट शहीद पार्क में स्थापित कर किया गया। जिसमें भक्तों ने बडे उत्साह के साथ बढ-चढकर सेवाभाव से सहभाग किया।

शुक्रवार से शुरू हुए श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ आचार्य संजय उपाध्याय, तुषार उपाध्याय, लोकेश गौड, श्रीनाथ पाठक तथा शैलेश शास्त्री द्वारा विधिवत वेदमंत्रोच्चरण के साथ हवन यज्ञ एवं पूजा अर्चना कर महेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा भगवान श्री गणेश की आरती उतारकर किया। तत्पश्चात श्री गणेश भगवान की प्रतिमा को रथ पर विराजमान कर सायंकालीन फेरी निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए आगरा अलीगढ़ रोड स्थित बस स्टैण्ड के सामने शहीदपार्क में स्थापना की गई। रात्रि में भगवान श्री गणेश वंदना, एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकार द्वारा भगवान गणेश भजनों से भगवान श्री गणेश कां गुणगान किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो झूमने नाचने लगे।

संध्याकालीन फेरी के दौरान बैंडबाजों की मधुर ध्वनि से निकल रही श्री गणेश वंदना से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान मुख्य रूप से सुधीर भारद्वाज, दिवस वार्ष्णेय, बबलेश वार्ष्णेय, अनिल श्रोती, लढोकी, बृजमोहन शर्मा उर्फ बॉबी, उपेंद्र गुप्ता, अनिल कुमार, दिवस वार्ष्णेय, आशू शर्मा, संदीप जादौन आदि मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर अजीतनगर में भगवान श्रीगणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। इससे पूर्व भक्तों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। और विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान को विराजमान कर उनकी आरती उतार कर श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया गया। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चू कौशिक, हरवीर सिंह तोमर, प्रवीण कुमार शर्मा, देवेश कुमार शर्मा, अरविंद तोमर, नीटू ठाकुर, सभासद भानु ठाकुर, गोपाल ठाकुर, सचिन कौशिक, दीपक कौशिक, विपुल भारद्वाज, आशा देवी, नीतू शर्मा, सुधा तोमर, बबली शर्मा, नम्रता तोमर आदि मौजूद थे।

# गणेश चतुर्थी पर बरसी गजानन की कृपा, मंदिरों में हुए भव्य श्रृंगार

हाथरस। गणेश चतुर्थी के मौके पर बृज की देहरी पर लंबोदर की कृपा बरसी। शहर के देवालयों में सुबह से भक्ति की बयार बही। सुबह गणेश मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई तो शाम को अलौकिक श्रृंगार किए गए। भक्तों ने घरों में प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की।

बता दें कि गणेश चतुर्थी को घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। अनंत चतुर्दशी को प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। शनिवार की सुबह घरों में विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। शहर के घंटाघर स्थित गणेश मंदिर, तरफरा रोड पर बोहरेश्वर बगीची पर विष्णु शर्मा के सानिध्य में छप्पन भोग व गणेश मंदिर में सुबह ही भक्तों का तांता लगा रहा।

भक्तों ने भगवान गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शाम को विग्रहों के अलौकिक श्रृंगार किए गए और भोग लगाया गया। गणेश वंदना के साथ आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

तरफरा रोड स्थित गणेश मंदिर, होली वाली गली स्थित गणेश मंदिर, सीकनापान गली स्थित गणेश-लक्ष्मी मंदिर में भव्य श्रृंगार किए गए। नवीपुर रोड स्थित जीपीएस स्कूल में पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। लड्डुओं का भोग लगाया गया। आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

# अफसर बनकर स्कूलों में प्रवेश कराने वाला गिरफ्तार

प्रयागराज, 07 सितम्बर (हि.स.)। सिविल लाइन थाने की पुलिस ने अफसर बनकर प्रतिष्ठित स्कूलों में एडमिशन कराने वाले को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी अफसर बनकर एडमिशन के लिए प्रिंसिपल पर दबाव बनाता था और एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से लम्बी रकम वसूलता था।

सिविल लाइन स्थित गर्ल्स हाईस्कूल एंड कॉलेज (जीएचएस) की प्रिंसिपल डॉ विनीता ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी थी। आरोपित आकाश त्रिपाठी खुद को नेशनल इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बताता था। प्रिंसिपल की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने आरेपी को अरेस्ट कर विधिक कार्यवाही कर रही है।

इंस्पेक्टर सिविल लाइंस राम आसरे यादव ने बताया कि जीएचएस की प्रिंसिपल ने तहरीर दी है। जिसमें बताया कि कैलाशपुरी कॉलोनी शिवकुटी के रहने वाले आकाश त्रिपाठी खुद को नेशनल इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी बनकर फोन किया और स्कूल में छात्राओं के एडमिशन के लिए दबाव बनाता था। वह पहले भी कई बार ऐसा कर चुका था।

इन दिनों वह फिर से एक एडमिशन का दबाव बनाने लगा। स्कूल में आने के दौरान उसकी तस्वीर ले ली गई। इसके बाद प्रधानाचार्य ने पता लगाया तो जानकारी मिली कि जिले में इस नाम का कोई आईबी अधिकारी नहीं है।

पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी गई तो पता चला कि आकाश पहले बीएचएस में काम करता था, तब प्रिंसिपल दूसरे थे। मामले में पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो उसके बारे में ब्लैकमेलिंग के कई और मामले सामने आ गए। कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर इसने कई लोगों से 1.5 लाख तक ले लिया था।

सिविल लाइन्स पुलिस ने जांच के बाद आरोपी आकाश त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह आईबी अफसर बनकर डरा रहा था।

# गाजे-बाजे के साथ मेला परिसर पहुंचे वेद भगवान

## वेद भगवान की शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, सदर विधायक अंजुला माहौर, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री डौली माहौर व अन्य

हाथरस। गणेश चतुर्थी के मौके पर शनिवार को वेद भगवान की शोभायात्रा शहर के कमला बाजार स्थित कामेश्वर मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व वेदों का पूजन किया गया। उसके बाद इन्हें डोले में विराजमान किया गया। बैंडबाजों के साथ मुख्य बाजारों से होते हुए वेदभगवान मेला प्रांगण पहुंचे। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर आरती उताकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल विप्रों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

शाम को कामेश्वर मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ वेद भगवान की शोभायात्रा शुरू हुई। संयोजक डॉ. जितेंद्र स्वरूप शर्मा फौजी थे। शोभायात्रा शहर के सरक्यूलर रोड, मेंडू गेट, जामा मस्जिद चौराहा आदि मुख्य मार्गों से होते हुए मेला प्रांगण पहुंची।

वहां गणेश पूजन के साथ वेदों को स्थापित किया गया। विप्रों का विशेष सम्मान किया गया।शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, सदर विधायक अंजुला माहौर, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री डौली माहौर,भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य,वासुदेव माहौर , आचार्य पार्वती बल्लभ, मनोज द्विवेदी, बागीशदत्त गौड़, कयूर दीक्षित, बृजेश वशिष्ठ, जितेंद्र स्वरूप शर्मा फौजी, सतेंद्र शर्मा, जयशंकर पाराशर, संदीप भारद्वाज, अमित मिश्र, प्रवीण भारद्वाज, रामबाबू शर्मा, शिवम वशिष्ठ, शोभित शमा, सतैंद्र फौजी, भूपेंद्र कुमार शर्मा, राजकुमार पाठक, संतोष मुखिया आदि थे।

# एसबीएस यूनियन पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाई श्री गणेश चतुथी

हाथरस। गणेश जी के जन्मदिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की मूर्ति घर लाकर उनकी 10 दिनों तक विधि-विधान के साथ पूजा करते हुए अनंत चतुर्थी के दिन गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन करने से भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं।

शनिवार को यह बातें एसबीएस यूनियन पब्लिक स्कूल मे स्कूल के निदेशक डा. विकास सिंह ने बच्चों को बताईं। विद्यालय में भगवान श्री गणेश चतुर्थी का आयोजन बडे ही धूमधाम से किया गया। प्राइमरी कक्षाओं के बच्चो ने भगवान श्री गणेश स्वरूप धारण कर बहुत ही सुंदर मनमोहक प्रस्तुती दी। कार्रक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश वंदना के साथ किया गया।

विद्यलय निदेशक ने भगवान श्रीगणेश जी की आरती उतारी तथा सभी बच्चो को गणेश चतुर्थी की सुभकामनायें दीं। इस मौके पर शिक्षकों द्वारा बच्चो को श्री गणेश जी की मात्र और पित्र भक्ति के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम मे स्वीटी वार्ष्णेय, कामिनी वर्मा, सिखा वर्मा, वर्ष शर्मा, चारु वार्ष्णेय, भर्ती शर्मा, रखी वर्मा, लवी मौजूद रहे। डॉ विकाश सिंह ने बच्चो को पुरष्कृतकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा सभी कक्षाओं के बच्चे मौजूद थे।

# विद्यापीठ इंटर कालेज में मनाया स्वच्छता सहभागिता दिवस

हाथरस। विद्यापीठ इंटर कॉलेज सासनी में प्रधानाचार्य डॉ राजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता सहभागिता दिवस तथा ग्रीन स्कूल ड्राइव दिवस मनाया गया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि ग्रीन स्कूल ड्राइव दिवस एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मकसद पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूक करना है। इस कार्रक्रम के जरिए हमें स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया जाता है। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। कार्रक्रम में छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर तथा पेड़ पौधों की साफ सफाई कर श्रमदान किया और पर्यावरण की रक्षा हेतु स्वच्छता सफाई अपनाये, बीमारी हटाइये, करें हम ऐसा काम, बनी रहेगी देश की शान। साफ सुथरा मेरा मन, देश मेरा सुन्दर हो, प्यार फैले सड़को पर, कचरा डिब्बे के अन्दर हो आदि पोस्टर बनाकर जागरूक किया। इस अवसर पर अरुण कौशिक, संजय कुमार, राजीव कुमार, भारत सिंह, प्रियंका, विनय कुमार, नीरज गुप्ता, अशोक कुमार, मुकेश दिवाकर, शिवम कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दुनिया में भारत की सशक्त पहचान में उप्र की गुणात्मक भागीदारी : उपराष्ट्रपति

## –उपराष्ट्रपति ने किया सैनिक स्कूल गोरखपुर का लोकार्पण

गोरखपुर, 7 सितंबर (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक ह्यविकसित भारतह्ण की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए, क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें, कम है।



उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद उप्र में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है। वैसे तो मुख्यमंत्री योगी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे, यह विश्वास भी था।

### भारतीयता हमारी पहचान, राष्ट्र हमारा धर्म

सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिह्न लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है।

### आज दस साल पहले वाला भारत नहीं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है। बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था, आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश का स्वर्णकोष पर्याप्त है। जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद दो-तीन वर्ष से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निमार्ताओं ने अनुच्छेद 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे।

### सफलता की शुरूआत का केंद्र है असफलता

धनखड़ ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता सफलता की शुरूआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर को मन से निकाल दें। डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है।

### सीएम योगी का करिश्मा भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण अंग है। इस क्षेत्र के पहले सैनिक स्कूल का ढांचा अद्भुत है। इस शानदार सैनिक स्कूल के रूप में सीएम योगी ने जो करिश्मा किया है, वह भविष्य की पीढ़ी के निर्माण का रास्ता है। वह आश्वस्त हैं कि यह सैनिक स्कूल योगी की विशिष्ट छाप का प्रतिबिंब रहेगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1960 में देश के पहले सैनिक स्कूल की स्थापना उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद ने की थी। अब उप्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सोसाइटी के माध्यम से सैनिक स्कूल खोलने का सराहनीय कार्य किया है। कम समय में सैनिक स्कूल बनाकर और सबसे अधिक दिन मुख्यमंत्री रहकर योगी ने पूर्व सीएम डॉ. संपूर्णानंद का रिकार्ड तोड़ दिया है।

### ह्यसीएम योगी का निमंत्रण पाकर बहुत भावुक हो गया

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि जब देश के सबसे बड़े प्रांत के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे आवास पर आकर सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए निमंत्रण पत्र दिया तो मैं बहुत भावुक हो गया। उन्होंने कहा कि वैसे तो योगी की हर बात असाधारण है पर सैनिक स्कूल के लिए इनका निमंत्रण पत्र भी असाधारण ही था। उन्होंने मुझे सैनिक स्कूल के एक पुरातन छात्र के रूप में निमंत्रित किया। योगी की नजर पैनी और पारखी है। मुझे बुलाने के लिए मुझ पर जितना होमवर्क उन्होंने किया, उतना मेरे निकट संबंधियों ने भी नहीं किया होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में आकर वह काफी भावविभोर और प्रफुल्लित हैं। आज उनके सामने छह दशक पूर्व का दृश्य जीवंत हो रहा है, जब वह खुद सैनिक स्कूल के छात्र थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे लिए यह अविस्मरणीय काम कर दिया है। धनखड़ ने कहा कि इस निमंत्रण के जरिये मुख्यमंत्री योगी ने यह भान भी कराया कि शिक्षा बदलाव लाने, असमानता दूर कर समानता पैदा करने का माध्यम है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए मौका देकर आपने (योगी) मेरे जीवन में नया अध्याय जोड़ दिया है। इसे कभी नहीं भूलेंगे।

### हर राज्य को प्रेरणा देगा यह सैनिक स्कूल

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि गोरखपुर का सैनिक स्कूल हर राज्य को प्रेरणा देगा कि वह भी इसके तर्ज पर सोसाइटी बनाकर अपने राज्य में सैनिक स्कूल की स्थापना करें। उन्होंने कहा कि इस सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में आकर आज मेरा जो लगाव गोरखपुर से हुआ है, वह जीवन पर्यंत बना रहेगा। सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और नाथ संप्रदाय की साधनास्थली गोरक्षभूमि को नमन करते हुए इसका अपने गृह क्षेत्र राजस्थान से रिश्ता जोड़ा। उन्होंने कहा कि वर्तमान गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज राजस्थान के उदयपुर से थे। गीता प्रेस के हनुमान प्रसाद पोद्दार का ताल्लुक भी राजस्थान से ही था। उन्होंने कहा कि यह उनका परम सौभाग्य रहा है कि सीएम योगी के गुरुदेव महंत अवैद्यनाथ जी के साथ वह लोकसभा के सदस्य रहे। केंद्र में जब वह मंत्री बने तो उन्होंने जिन कुछ लोगों का आशीर्वाद लिया था, उसमें महंत अवैद्यनाथ जी भी एक थे।

### टेराकोटा की गणेश प्रतिमा भेंटकर सीएम ने किया उपराष्ट्रपति का अभिनंदन

सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र तथा टेराकोटा की गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर उपराष्ट्रपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ को टेराकोटा की गणेश जी की प्रतिमा भेंट की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में हुए इस समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियो के साथ मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश जी एवं ध्वजा पूजन कर किया मंदिर पर ध्वजारोहण

## अधिकारियो के साथ पूजन अर्चन करते जिलाधिकारी आशीष कुमार

हाथरस। गणेश चतुर्थी के मौके पर जिलाधिकारी आशीष कुमार ने दाऊजी महाराज मंदिर में विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश जी एवं ध्वजा पूजन कर मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने जिलाधिकारी को बुके भेंट कर स्वागत किया। मंदिर के पुजारी ने जिलाधिकारी सहित उपस्थित अधिकारियों का स्वागत पट्का पहनाकर किया। कार्यक्रम का संचालन संचालन अधिवक्ता अतुल आधीवाल द्वारा किया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 डा0 बसंत अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट राज बहादुर, उप जिलाधिकारी सदर नीरज शर्मा, तहसीलदार, स्टैनो जिलाधिकारी शीलेन्द्र कुमार, जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत, मेला लिपिक रवि शर्मा, पेसकार प्रताप चौधरी, शीतल प्रसाद शर्मा, नंद किशोर तथा कलेक्ट्रेट लिपिक आदि उपस्थित रहे।

# महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर के हत्यारों को गिरफ्तार किए जाने की मांग

## अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लेकर 9 सितंबर को प्रात: 11:00 बजे दिया जाएगा ज्ञापन

फिरोजाबाद 7 सितंबर । अधिवक्ता संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक सदर तहसील फिरोजाबाद में वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित ब्रह्म स्वरुप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में कासगंज में महिला मोहिनी तोमर की हत्या व अन्य हिंसात्मक घटनाओं और मिथ्या आरोपों के मामलों पर रोक लगाने के लिए यूपी में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम (एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट) लाने को लेकर बैठक में उत्तर प्रदेश सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका है ।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कासगंज की महिला अधिवक्ता के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर व अधिवक्ता संरक्षण



अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण कर निर्मम हत्या किए जाने पर अधिवक्ता संघर्ष समिति ने रोष व्यक्त किया है साथ ही हत्या आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने की मांग उत्तर प्रदेश सरकार से की है ।

अधिवक्ता संघर्ष समिति के अध्यक्ष उमाकांत पचौरी एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की आए दिन होती निर्मम हत्याओं तथा कासगंज में महिला अधिवक्ता सरकार से मांग की गई है ।

वरिष्ठ अधिवक्ता हरी बाबू यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रयास करने चाहिए अधिवक्ता पीड़ितों को न्याय दिलाने में सहायक होता है आज उसी का जीवन खतरे में है ।

अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराए जाने हेतु तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी उसका अभी तक कोई अधिनियम (एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट) शीघ्र लागू किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन 9 सितंबर दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे नगर मजिस्ट्रेट को दिया जाएगा ।

बैठक में सर्व श्री राम कुमार मिश्रा देवेंद्र कुमार वशिष्ठ तुरसन पाल वियोगी सुरेश चंद उदय जैन अजय वीर सिंह केशव देव श्री कृष्ण यादव आमोद यादव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद थे ।

# महिला अधिवक्ता की हत्या से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

### हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी, मृत्तका के आश्रित को मुआवजा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

शिकोहाबाद। कासगंज की महिला अधिवक्ता को अगवा कर उसकी हत्या कर शव झाड़ियों में फेंक दिया। साथी अधिवक्ता की हत्या को काँउसिल आँफ उत्तर प्रदेश ने नाराजागी जाहिर की। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवहान पर शनिवार को हरिओम यादव वार अध्यक्ष की पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप.जिलाधिकारी विकल्प को सौंप कर माँग की कि



लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। शनिवार को सभी अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हत्यारोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने और मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

कासगंज निवासी मोहिनी तोमर की चार सितम्बर को अगवा कर नृशंस हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन हत्यारों की अब तक गिरफ्तारी न होने पर वार अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। संचालन उम्मेदबाबू महासचिव ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षित नहीं हैं।

आये दिन अधिवक्ताओं के साथ अप्रिय घटनायें घटित हो रही हैं। उनकी हत्यायें हो रही हैं। प्रदेश सरकार अधिवक्ता सुरक्षा में नाकाम साबित हो रही है। कासगंज की हमारी बहन मोहिनी तोमर के प्रकरण में यदि कासगंज पुलिस त्वरित कार्यवाही करती तो उनकी जघन्य हत्या न होती। कासगज पुलिस इस प्रकरण में नाकारा साबित हुई है।

बैठक के उपरांत सभी अधिवक्ताओं ने कासगंज यथाशीघ्र हत्यारों की गिरफ्तारी हो। मृतका के आश्रित को एक करोड़ मुआवजा दिया जाये। मृतका के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये। प्रदेश में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। इस मौके पर हरिओम यादव, उम्मेदबाबू,शिवकुमार शर्मा,शशीवीर सिंह,सुभाष चंद्र, अशोक यादव,कपिल श्रीवास्तव, केपी सिंह,दिनेश,अवनीश, रवीन्द्र राजपूत,अनिल,आलोक श्रीवास्तव,पंकज बघेल,निशाचल,सर्वेश यादव,पवन,महेश कुलश्रेष्ठ,प्रदीप,राजेन्द्र आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# गृह कलह से तंग महिला ने फंदा लगा कर की जीवन लीला समाप्त

शिकोहाबाद। गृह कलह से तंग मिहला ने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर डॉयल 112 मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। डायल हंड्रेड की सूचना पर थाना पुलिस ने महिला के शव को फंदे से नीचे उतारा और फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

गीता पत्नी तेजपाल निवासी एटा रोड राधिका पुरम ने गृह कलह से तंग आकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब इसकी जानकारी मोहल्ले के लोगों को हुई तो भीड़ एकत्रित हो गई। मृतका के परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने शव फंदे से नीचे उतार कर बरामदे में रख लिया। महिला ने साड़ी से कमरे की चौखट से फंदा लगा कर आत्महत्या की है। महिला द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी पर उसके मायके वाले भी पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति तेजपाल बाहर रहकर ट्रक चलाता है। घर पर केवल दो बेटे लविश (10) व निक्की (6) मां के साथ रहते हैं। शनिवार सुबह मृतका गीता दोनों बच्चों को सुबह स्कूल छोड़ने गई थी। दोपहर छुट्टी के बाद जब बच्चे घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। बच्चों के शोर मचाने पर पडोसियों ने छत से ऊपर चढ़ कर गेट खोला। परिजनों ने बताया कि मृतका की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी। महिला का शव मिलने की जानकारी होने पर फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि एक महिला ने गृह कलह से तंग आकर आत्महत्या कर ली है। शव फिरोजाबाद मेडिकल कालेज भेजा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# महायोजना 2031 में प्रस्तावित पार्क की भूमि पर बन रहे आवास

## टचिंग ग्राउंड के चारों तरफ भी फैली है गंदगी,कैसे बनेगी ग्रीन बैल्ट

### फिरोजाबाद-शिकोहाबाद महायोजना 2031 में चयनित पार्क की जमीन पर बन रहे आवास 130.56 हैक्टेयर भूमि पार्क के रूप में मौजा जसलई में प्रस्तावित की गई थी

शिकोहाबाद। फिरोजाबाद-शिकोहाबाद महायोजना 2031 में आवास विकास प्राधिकरण द्वारा 130.56 हैक्टेयर भूमि क्षेत्रीय पार्क के रूप में मौजा जसलई में प्रस्तावित किया गया है। क्षेत्रीय पार्क का उपयोग नगर की जनता के साथ आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को भी मनोरंजनात्मक सुविधाएं मुहैया करायेंगीं।

इसके साथ ही 64 मीटर चौड़ा वाईपास मार्ग के दोनों तरफ 30 मीटर गहराई तक हरित पट्टिका प्रस्तावित की गई है। जिससे कि मार्ग से लगी भूमि पर रिबन डवलपमेंट न होने पाए। इतना ही नहीं नगर के टंचिंग ग्राउंड के चारों तरफ ग्रीनबेल्ट प्रस्तावित किया है। नगर में 71.36 हैक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है।

लेकिन आवास विकास परिषद ने अभी तक जसलई में कोई भूमि अधिग्रहण नहीं किया है और ना ही टचिंग ग्राउंड के चारों तरफ हरित पट्टिका बनाने के लिए कोई भूमि अधिग्रण नहीं की गई है। एसे में देखा जाए तो आवास विकास प्राधिकरण महायोजना 2031 में पार्क और हरितपट्टिका कैसे बना पायेगी।

# किवाड तोड़ दुकान में रखी नगदी और सामान किया चोरी

जसराना। फरिहा रोड़ पर अनोखेलाल की धर्मशाला में दुकानों में एक दुकान के पीछे लगे किवाड़ को तोडकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। दुकान खोलने पर दुकान की हालत देख दुकानदार दंग रह गया। सूचना मिली तो व्यापारी एकत्रित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पडताल करने के साथ ही मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही।

कस्बा जसराना के मोहल्ला बनियात निवासी कमल जैन की फरिहा रोड़ पर मौजूद अनोखेलाल की धर्मशाला में बनी दुकानों में एक दुकान में किराने की दुकान है। दुकान के पीछे दरवाजा बना हुआ है। रोज की भांति कमल जैन शुक्रवार की सायं दुकान बंद कर घर चले गए। शनिवार की सुबह दुकान खोली तो दुकान का नजारा देख उनकी चीख निकल गई। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। पीडित दुकानदार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे गुटखा के साथ अन्य सामान एवं नगदी चोरी कर ली है। चोरों ने डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत का सामान एवं नगदी चोरी किया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच दुकानदार से घटना के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहा दुकान में चोरी की घटना होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। घटना का खुलासा किया जाएगा।

## पुलिस ने वांछित पकड़ा

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह थाना नारखी ने चैकिंग के दौरान पुलिस बल के साथ एक अभियुक्त को गौंछ का बाग तिराहा थाना क्षेत्र नारखी से गिरफ्तार किया है। उसका नाम मोनू पुत्र लक्ष्मण सिंह बताया है। वह नगरिया पंचम थाना नारखी का रहने वाला है।उसके खिलाफ करवाही कर पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

# दिल्ली से रूठ कर भागा किशोर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

शिकोहाबाद। बदरपुर नई मीठापुर निवासी एक 12 क्षुब्ध होकर दिल्ली से भाग



दिल्ली क्षेत्र के गांव ओमनगर वर्षीय किशोर मां की डांट से आया। रेलवे स्टेशन पर बालक घूम रहा था। संदिग्ध बालक को घूमते हुए देखा तो पुलिस ने उससे पूछताछ की। बालक द्वारा बताये अनुसार पुलिस ने किशोर के परिजनों को मोबाइल नंबर से फोन कर बात की। जानकारी होने पर बालक की मां थाना पहुंची और बालक को देख कर रोने लगी। उसने अपने कलेजे के टुकड़े को छाती से लगा लिया। पुलिस ने कागजी कार्यवाही करते हुए बालक को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अंतगर्त शुक्रवार शाम को रेलवे स्टेशन पर घूमते हुए पाया। संदिग्ध अवस्था में अंधेरे में बालक को स्टेशन के बाहर खूमते देख स्थानीय पुलिस ने उसे रोक लिया और उससे पूछताछ की। बालक ने अपना नाम तेज पुत्र लाल सिंह निवासी ओमनगर मीठापुर बदरपुर नई दिल्ली बताया। बालक द्वारा बताए गए मां के मोबाइल पर पुलिस ने बात की और बालक के बारे में बताया। जानकारी होते ही बालक की मां संतोषी के सुपुर्द कर दिया। तेज की मां ने पुलिस द्वारा सकुशल बच्चे को सौंपने के बाद पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# फिरोजाबाद का रेलवे स्टेशन खानपान में पूरे प्रदेश में होगा अव्वल

फिरोजाबाद,07 सितम्बर (हि.स.)। जिले के सभी तीन रेलवे स्टेशन खानपान के मामले में पूरे उत्तर प्रदेश में अव्वल होंगे। इन स्टेशनों को 'ईट राइट स्टेशन' के रूप में घोषित किए लिए चयनित कर लिया गया हैं।

सहायक आयुक्त (खाद्य) चन्दन पाण्डेय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उनके निर्देशन में रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित खाद्य पत्राचार किया था। जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार के रेलवे अधिकारियों की सहमति एवं सहयोग से 10 सितम्बर से 12 सितम्बर तक कार्यवाही पूर्ण किये जाने की योजना तैयार की




जाने के लिए चयनित किया गया है। खाद्य कारोबारियों को एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद इन स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन मिलेगा।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार की गाइडलान के अनुरुप, आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के तीन रेलवे स्टेशनों टूण्डला, शिकोहाबाद एवं फिरोजाबाद को 'ईट राइट स्टेशन' घोषित किये जाने के कारोबारियों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ मुहैया कराने, साफ सफाई व्यवस्थित करने, कूडा निस्तारण, हाइजिन मेन्टेन रखने आदि का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। तत्पश्चात उनके गुणवत्ता का परीक्षण कराकर उन्हें एफएसएसएआई द्वारा प्रमाण पत्र भी प्राप्त कराये जायेंगे। इस प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लगेगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्य में सहयोग के लिए उन्होंने एनसीआर (रेलवे) भारत सरकार के अभिहित अधिकारी एके सिंह को सहयोग करने के लिए गई है।

सहायक आयुक्त खाद्य का कहना है कि फिरोजाबाद जनपद प्रदेश का पहला ऐसा जनपद होगा, जिसके सभी रेलवे स्टेशन एफएसएसएआई के मानकों पर प्रमाणित होंगे। जनपद के रेलवे स्टेशन प्रमाणन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनपद वासियों एवं यात्रियों के लिये खासा आकर्षण का केन्द्र होंगे तथा उन्हें स्वच्छ एव पौष्टिक भोजन मिलेगा। 'ईट राइट स्टेशन' को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों में भी काफी उत्साह नजर आ रहा है।

# हिंदू जागरण मंच ने डॉ. संजीव माथुर को किया सम्मानित

शिकोहाबाद। बंगाल की घटना के बाद से डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। इस भावना को समाप्त करने सम्मानित किया।

हिंदू जागरण मंच ने बंगाल की घटना को देखते हुए डॉक्टरो को सम्मान और सुरक्षा हेतु जनता को समर्पित कर रहे हैं। जिसमें हिन्दू जागरण मंच शिकोहाबाद द्वार आशू यादव नगर अध्यक्ष, अतुल पचौरी



और सुरक्षा का अहसास कराने के उद्देश्य से हिंदू जागरण मंच ने नगर के डाक्टरों को सम्मानित किया। मंच के पदाधिकारियों ने डॉ. को प्रतीक चिंह देकर गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर डॉ.संजीव माथुर जैसे सभी डॉक्टर का सम्मान किया। जो अपना जीवन बिना किसी लाभ और निस्वार्थ भावना से आम उपाध्यक्ष,गजेंद्र सिंह उर्फ बॉबी नगर उपाध्यक्ष,इंतजार अंसारी,जितेंद्र,फैसल,मुकीम चौधरी,मोना,मुन्ना,रोहित राठौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की जांच की

जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की जांच के उपरान्त संबंधित उप जिलाधिकारी व रिटर्निंग आफिसर (विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र) द्वारा प्रेषित मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करने हेतु जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों एवं अन्य अधिकारियों के साथ अपर



जिलाधिकारी (न्यायिक) संगीता गौतम की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आहूत की गयी। आयोग द्वारा दिये गये निदेर्शों का बिन्दुवार अक्षरशः अनुपालन कराने हेतु निम्न बिन्दुओं पर विस्तार से अवगत कराया गया।

बैठक में उप जिलाधिकारी, फिरोजाबाद एवं उप जिलाधिकारी, सिरसागंज द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के परिवर्तन, समायोजन तथा नये मतदेय स्थल बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये जिसकी चर्चा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गयी। उप जिलाधिकारी, सदर व रिटर्निंग आफिसर 97-फिरोजाबाद विधान सभा क्षेत्र ने बताया कि अपने मतदेय स्थलों के प्रस्ताव में 1400 से अधिक मतदेय स्थलों में से मतदाताओं का समायोजन किया गया तथा 02 नये मतदेय स्थल बनाये गये है व 08 मतदेय स्थलों के भवन परिवर्तन किया गया है, जो अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), फिरोजाबाद द्वारा बैठक में उपस्थित सभी को अवगत कराया गया। उप जिलाधिकारी, सिरसागंज व रिटर्निंग आफिसर 99-सिरसागंज विधानसभा क्षेत्र द्वारा अपने मतदेय स्थलों के प्रस्ताव में 01 सहायक मतदेय स्थल तथा 01 नया मतदेय स्थल बनाया गया है।

उक्त मतदेय स्थलों के संबंध में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), फिरोजाबाद द्वारा पढ़कर अवगत कराया गया।

बैठक में बताया कि 95-टूण्डला (अ0जा0), 96-जसराना तथा 98-शिकोहाबाद विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर व उप जिलाधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों के परिवर्तन व संशोधित आदि के संबंध में कोई प्रस्ताव परिवर्तन हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है। सूचना परिवर्तन संबंधी शून्य उपलब्ध करायी गयी है।

बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जो जिसमें उप जिलाधिकारी सदर कृतिराज, उप जिलाधिकारी जसराना शिवध्यान पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर (मुख्यालय) पुष्पेन्द्र कुमार, तहसीलदार सिरसागंज अजय कुमार, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी बृजेश कुमार वरूण, समाजवादी पार्टी डा0 विजय आर्या, जिला सचिव मण्डल सदस्य सी0पी0आई0 (एम) सोनेश कुमार चक, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी रामशंकर राजौरिया, वी0आर0सी0 तहसील शिकोहाबाद गौरव शाक्य आदि उपस्थित रहें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com